आश्विन शुक्ल पक्ष-11, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 110 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

13 अक्टूबर 2024 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

30 अधिकतम

25 न्यूनतम




# हंगर इंडेक्स में भारत विश्व में 105वें स्थान पर, अभी भी समस्या गंभीर

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

वैश्विक भूख सूचकांक यानि हंगर इंडेक्स में भारत की हालत में सुधार हुआ है और इस बार 127 देशों की सूची में 105वें स्थान आ गया है। पिछले वर्ष 125 देशों में भारत 111वें नंबर पर था और उससे पहले 107वें स्थान पर था लेकिन 27.3 अंक के साथ भारत अभी भी गंभीर भूख की समस्याओं वाले 42 देशों में बना हुआ है।

**जीआईएच की रिपोर्ट**



इस सूची में चीन, यूएई और कुवैत समेत 22 देश पहले नंबर पर हैं। यह जीएचआई बताता है कि किसी भी देश में भुखमरी की स्थिति क्या है। जिस देश का स्कोर जितना कम होगा यानी वहां वहां के लोग उतने कम भूखे हैं। इस रिपोर्ट को आयरलैंड की संस्था कंसर्न वर्ल्डवाइड और वर्ल्ड हंगर हेल्प मिलकर प्रकाशित करते हैं। जीएचआई की 19वीं रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अपने पड़ोसी देशों श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश से पीछे हैं, जबकि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के मुकाबले अच्छी स्थिति में है। इसमें बताया कि गया है कि श्रीलंका 56, नेपाल 68 और बांग्लादेश 84वें स्थान के साथ भारत से कहीं आगे हैं। ये सभी देश बेहतर जीएचआई स्कोर के साथ मध्यम श्रेणी में हैं। वहीं, 109वें स्थान वाला पाकिस्तान और 116वें स्थान के साथ अफगानिस्तान गंभीर श्रेणी में शामिल हैं।

## यूएपीए से निकले डीयू के विवादित प्रो. साईबाबा का निधन

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो. जीएन साईबाबा ( 57 ) का हैदराबाद में निधन हो गया। इस साल मार्च में बॉम्बे हाईकोर्ट ने साईबाबा को माओवादी संबंधों को लेकर यूएपीए मामले में आरोप मुक्त कर दिया था। इसके पहले उन्होंने 10 वर्षों तक मुकदमे का सामना किया था। उन्हें 2014 में कॉलेज ने भी निलंबित कर दिया था। प्रो साईबाबा पिछले काफी समय से किडनी, हृदय व पेट संबंधी विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे थे। उन्होंने नागपुर सेंट्रल जेल अधिकारियों पर इलाज न कराने के गंभीर आरोप भी लगाए थे।



## हम तभी लड़ते हैं जब अपमान होता है: राजनाथ

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के इस बयान की चर्चा है कि भारत अपनी सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। अगर कोई देश भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा तो भारत कड़ा कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा। सिंह ने ये बातें बंगाल के सुकना सैन्य स्टेशन में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि भारत ने कभी भी किसी देश पर नफरत या द्वेष की भावना से हमला नहीं किया है। सिंह ने कहा, हम तभी लड़ते हैं जब कोई हमारा अपमान करता है या अखंडता को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है।



### दावा-नई तकनीक का हो रहा इस्तेमाल, लंबी चलेगी!

# कनेक्टिविटी मिशन:700 करोड़ की उज्जैन में सड़कें फिर सूरत में सीएम

**भोपाल/उज्जैन दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज उज्जैन में 656.55 करोड़ रुपये की 16 प्रमुख सड़क निर्माण परियोजनाओं की आधारशिला रखी साथ ही प्रतिभा सिंटेक्स इंडस्ट्रीज का उद्घाटन भी किया। यह सड़क परियोजनाएं न केवल क्षेत्र की बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिये तैयार की गई हैं बल्कि उज्जैन के विकास के लिये भी अहम हैं। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी उपस्थित थे। सड़क निर्माण में अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग का प्रावधान किया गया है, ताकि क्षेत्र में मजबूत और दीर्घकालिक सड़कों का निर्माण हो सके। इन सड़कों से नागरिकों को आने वाले कई वर्षों तक लाभ मिलेगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश उद्योग और निवेश के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। उज्जैन के पास सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। मप्र के भौगोलिक परिदृश्य को देखते हुए लोगों को रोजगार दिलाने की जरूरत भी है । यादव ने कहा कि कृषि, पशुपालन में उत्पादन और आय को दुगुना करने तथा आमदनी एक लाख रुपये प्रति बीघा करने का प्रयास है। अभी मप्र में देश के कुल दूध उत्पादन का 9 प्रतिशत हो रहा है जो बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। सरकार इस दिशा में कार्य कर रही है। हर संभाग में इंड्रस्ट्री कॉन्क्लेव हो रही हैं। यही कारण है कि राज्य के साथ ही बाहर भी प्रदेश की पहचान बन रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिभा स्वराज की इकाई का अवलोकन भी किया। उन्होंने फैक्ट्री में कार्य करने वाली बहनों से संवाद भी किया।

### श्रध्दालुओं-कारोबारियों को मिलेगा लाभ

गौरतलब है कि उज्जैन न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि धार्मिक रूप से भी इसका विशेष महत्व है। महाकालेश्वर मंदिर दर्शन के लिए हर साल करोड़ों श्रद्धालु यहां आते हैं। इन सड़कों के निर्माण से श्रद्धालुओं और पर्यटकों की यात्रा अधिक सुगम हो जाएगी । उज्जैन के निवासियों, व्यापारियों और किसानों को इन सड़कों से सीधा लाभ प्राप्त होगा, क्योंकि इससे उनके आवागमन में आसानी होगी और क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

**सूरत में जलसंचय:** मुख्यमंत्री डा यादव आज अपरांह गुजरात के सूरत भी रवान हो रहे हैं। जहांवे 'जल संचय' कार्यक्रम में होंगे। यह कार्यक्रम सूरत के इंडोर स्टेडियम में होगा। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सहित राजस्थान ,गुजरात के मुख्यमंत्री और बिहार के उप मुख्यमंत्री भी सहभागिता करेंगे 'जल संचय' कार्यक्रम में भू-जल स्तर को बढ़ाने संबंधी विचार-विमर्श होगा।



आज मुख्यमंत्री ने उज्जैन में नई इकाई में बने वस्त्र का भी अवलोकन किया जिस पर यादव का ही चित्र भी मुद्रित है।

### सिंहस्थ के चलते कई सौगातें

उज्जैन में सरकार सिंहस्थ की जरूरतों के मद्देनजर भी विकास व अधोसंरचना के कार्य कर रही है। कुछ समय पहले महाकाल मंदिर प्रबंधन समिति ने ज्योतिर्लिंग मंदिर को उज्जैन रेलवे स्टेशन से जोड़ने के लिए रोपवे का निर्माण शुरू करने का फैसला किया था। इसका निर्माण समिति के स्वामित्व वाली 1851 वर्ग मीटर भूमि पर होगा। इससे मंदिर तक पहुंचने में बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को आसानी होगी। वहीं मंदिर तक पहुंचने वाला समय भी कम हो जाएगा। अभी उज्जैन जंक्शन और प्रसिद्ध मंदिर के बीच हवाई दूरी लगभग 1.2 किमी है। वहीं रोड से यह दूरी लगभग 2 किमी है।

### सीएम ने याद किया किशोर को

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मप्र में जन्मे गायक और अभिनेता किशोर कुमार की पुण्यतिथि 13 अक्टूबर पर उन्हें नमन किया है। यादव ने कहा कि किशोर मप्र के रत्न थे। उन्होंने विशेष पहचान बनाई। मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि में कहा आवाज के जादूगर ने विविध भारतीय भाषाओं में गीत गाकर गीत-संगीत के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए। किशोर जी के सुरीले गीत सदैव उनका स्मरण करवाते रहेंगे।

## वाहन से उतर रहे चार लोगों को ट्रक ने कुचला, मौत



**बागपत , एजेंसी।**

उप्र के बागपत में बड़ा सड़क हादसा हुआ जिसमें ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर लहचौड़ा के पास ट्रक ने कैंटर से उतर रहे कई लोगों को कुचल दिया। हादसे में तीन की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक घायल है। जानकारी के अनुसार नन्हे नामक व्यक्ति अपने साथियों के साथ कैंटर से गाजियाबाद की तरफ से हरियाणा की ओर जा रहे थे। कैंटर में डीजल के दो खाली दो भरे हुए बैरल भी रखे थे, उसमें डीजल निकालने वाला पाइप और चार बाल्टी भी थी, जब वह लहचौड़ा गांव के पास पहुंचे और कैंटर से नीचे उतरने लगे, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया।

## अब उत्तराखंड में रेल पटरियों पर मिला सिलेंडर



**रूड़की, एजेंसी।**

पिछले कुछ समय से देश के अलग-अलग हिस्सों से रेलवे ट्रैक को बाधित करने के कई मामले सामने आ रहे हैं। रेलवे ट्रैक पर भारी भरकम चीजें रखकर ट्रेन को डिरेल करने की कोशिशें कई बार नाकाम की जा चुकी है ले अब ताजा मामला उत्तराखंड से सामने आया है.इस बार उत्तराखंड में एक रेलवे ट्रैक पर गैस सिलेंडर मिला है और आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश के तहत इस सिलेंडर को ट्रैक पर रखा गया था। मामला ढंडेरा रेलवे स्टेशन का है। आज सुबह एक मालगाड़ी के लोको पायलट ने यह सूचना स्टेशन मास्टर को दी कि ट्रैक पर एक सिलेंडर मिला है. यह घटना ढंडेरा स्टेशन से लगभग एक किमी दूर है।

**मेट्रो एंकर**

**बाबा सिद्दीकी हत्याकांड से सनसनी**

## सलमान से नजदीकी का खामियजा या कुछ और, गोली बुलेटप्रूफ शीशों के पार

**मुंबई , एजेंसी।**

चार दशक कांग्रेस में रहने के बाद हाल में एनसीपी में शामिल हुए पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सनसनी मची हुई है। सबसे सनसनीखेज यह है कि बाबा जिस कार में सवार थे, वह बुलेटप्रूफ थी,फिर भी हमलावरों की पिस्टल ने उसके शीशों के भेद दिया? उधर यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या अभिनेता सलमान खान से नजदीकी का खामियाजा बाबा सिद्दीकी को उठाना पडा, क्योंकि सलमान का दुश्मन बना बैठा विश्नोई गैंग कह चुका है कि जो सलमान करीबी होगा,वह गैंग का भी दुश्मन होगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि ये भयावह घटना महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था के पूरी तरह ध्वस्त होने को उजागर करती है।

इस कांड में 67वर्षीय बाबा को सीने में तीन गोलियां लगी थीं। पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है और वारदात में इस्तेमाल 9.9 एमएम पिस्तौल भी बरामद कर ली है। पुलिस का कहना है कि हमलावरों के पास आधुनिक पिस्तौल रही होंगी। दोनों आरोपियों ने बिश्नोई गैंग से जुड़े होने का दावा किया है।

ऐसे में सवाल उठ रहा है कि बाबा सिद्दीकी को क्या सलमान का करीबी होने की कीमत चुकानी पड़ी? बिश्नोई गैंग का नाम सामने आने मोटिव यही समझ आता है। गैंग के शूटरों ने दो बार सलमान खान की रेकी की थी, गैंग ने तीसरी बार में सलमान खान के घर पर फायरिंग करवाई थीं। इनमें एक शूटर की मुंबई के पुलिस स्टेशन में संदिग्ध मौत हो गई थी, शूटर की इस संदिग्ध मौत से बिश्नोई गैंग ने गुस्सा था।



**सलमान भावुक:** हत्या की खबर के तुरंत बाद सलमान अस्पताल पहुंचे थे वहीं शिल्पा शेट्टी को भी बिलखते देखा गया। माना जा रहा है कि बाबा का विधायक बेटा जीशान एक फोन काल आने की वजह से बच गया, वह भी पिता के साथ कार में सवार होने वाला था।

### अमेरिका से चलता है गैंग

बिश्नोई गैंग को अमेरिका में बैठ कर 3 वांटेड गैंगस्टर चला रहे हैं जिसमें लारेंस बिश्नोई का भाई अनमोल भी शामिल है। गैंग न सिर्फ सलमान खान बल्कि सलमान से करीबी रखने वालों का भी अपना दुश्मन मानता है।पंजाबी सिंगर गिप्पी ग्रेवाल जब सलमान के साथ एक एलबम में नजर आया तो बिश्नोई गैंग ने कनाडा में ग्रेवाल के घर पर फायरिंग कराई और पोस्ट डालकर दावा भी किया था कि ग्रेवाल सलमान को बहुत ज्यादा भाई भाई कहता है।इसके अलावा कनाडा में पंजाबी सिंगर ढिल्लन के घर पर भी फायरिंग करवाई थी वह भी सलमान के साथ नजर आया था। तब भी गैंग ने कहा था कि सलमान खान से दूरी बना लो।



# बुराई पर अच्छाई की जीत, दशानन का दहन




राजधानी में कई स्थानों पर बीती रात रावण के पुतले का दहन किया गया। इसे देखने हजारों लोग एकत्र हुऐ। चित्र टीटी नगर दशहरा मैदान पर रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुत्रों का दहन का - फोटो निर्मल व्यास

### राजधानी में बदली यातायात व्यवस्थाएं

# चल समारोह व प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला, कल भी चलेगा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

शारदीय नवरात्र पर्व के समापन के साथ ही अब मां भगवती की मूर्तियों के विसर्जन का सिलसिला कल से जारी है। आज भी सुबह नौ बजे से प्रेमपुरा घाट, कमलापति घाट, बेहटा घाट, हथाईखेड़ा डैम आदि पर मूर्तियों विसर्जित की जा रही हैं। इसके बाद देर शाम से शहर में अलग-अलग स्थानों से परंपरागत विसर्जन चल समारोह भी निकलेंगे।

भारत टॉकीज तिराहा से रात आठ बजे चल समारोह शुरू होगा। जो सेन्ट्रल लाइब्रेरी, इतवारा चौराहा, गणेश चौक मंगलवारा, गल्ला मंडी, हनुमानगंज, छोटे भैया चौराहा, जनकपुरी, जुमेराती, पुराना पोस्ट आफिस, सिंधी मार्केट, पीरगेट, मोती मस्जिद, रेतघाट, कमला पार्क से होकर कमलापति घाट पर समापन होगा। इसमें शामिल कुछ झांकियां पालीटेक्निक चौराहा से डिपो चौराहा, 25 वीं वाहिनी के सामने से भदभदा तिराहा होकर प्रेमपुरा घाट पर पहुंचेगा। इससे पहले कल देर शाम तक प्रतिमास्थलों पर भंडारे चलते रहे। विशेष पूजा अनुष्ठान भी किये गये। अब आज चल समारोह के दौरान आवश्यकतानुसार यातायात व्यवस्था को बदला गया है। हालांकि आज रविवार होने से सड़क पर वाहनों का दबाव कम है। आज सुबह आठ बजे से आगामी आदेश तक शहर में सभी प्रकार के अनुमति प्राप्त/बिना अनुमति प्राप्त भारी वाहन खजूरी सड़क, मुबारकपुर, लांबाखेड़ा चौराहा, इस्लाम नगर, चौपड़ाकलां चौराहा, पटेल नगर, 11 मील, रातीबड़, लालघाटी, नरसिंहगढ़ तिराहा, एयरपोर्ट चौराहा, करोंद चौराहा, भानपुर चौराहा, रत्नागिरी से आगे शहर में प्रतिबंधित हैं। शाम पांच बजे से सभी प्रकार के सिटीबस/मैजिक/चार पहिया वाहन भारत टाकीज चौराहा, अल्पना तिराहा, नादरा बस स्टैंड चौराहा एवं भोपाल टाकीज चौराहे के मध्य प्रतिबंधित रहेंगे।

यह वाहन भारत टाकिज से अल्पना तिराहा, नादरा बस स्टैंड से भोपाल टाकिज की ओर नहीं आ-जा सकेंगे।



#### पुराने शहर में कई सड़के बंद

- शाम छह बजे से मंगलवारा थाना तिराहा, दयानंद चौक, जुमेराती पानी की टंकी तिराहा, पुरानी सब्जी मण्डी की ओर से किसी भी प्रकार के कोई भी वाहन घोड़ा नक्कास, बस स्टैंड की ओर नही जा सकेंगे।
- मूर्तियां एवं झांकियों के गुजरने के दौरान सपना लाज तिराहा से नादरा बस स्टैंड की ओर एवं अल्पना तिराहा से नादरा बस स्टैंड की ओर सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- रात आठ बजे से तीन मोहरा शाहजहांनाबाद से भोपाल टाकीज चौराहा की ओर जाने वाले वाहन इस्लामी गेट से सिंधी कालोनी चौराहा होते हुये अग्रवाल धर्मशाला, समानान्तर मार्ग से जा सकेंगे।
- चल समारोह का अगला हिस्सा जुमेराती पहुंचने के उपरान्त कोई भी वाहन रायल मार्केट से पीरगेट (भवानी चौक) की ओर नहीं जा सकेंगे। इसी प्रकार जुलूस का अगला हिस्सा रेतघाट पहुंचने पर कोई भी वाहन करबला से रेतघाट तथा पालीटेक्निक से कमला पार्क की ओर प्रवेश नहीं पा सकेंगे। इसी समय तलैया से बुधवारा की ओर कोई भी वाहन नहीं आ सकेगा। यह वाहन रायल मार्केट से तीन मोहरा, थाना शाहजहांनाबाद के सामने से भोपाल टाकिज, हमीदिया रोड, नादरा बस स्टैंड होकर आवागमन कर सकेंगें।

## एक बार फिर बाघ का मूवमेंट

### कलियासोत क्षेत्र में देखा गया



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

एक बार फिर राजधानी के कलियासोत क्षेत्र में स्थित 13 शटर के पास बाघ का मूवमेंट हुआ है। इस क्षेत्र में अक्सर 3 भागों की मूवमेंट देखी जाती रही है। बीते दो दिन से स्थानीय लोगों द्वारा किस बाघ को देखा गया, यह अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि वन विभाग ने मामले की जांच के लिए एक पेट्रोलिंग टीम बनाई है। जो इस मामले पर नजर बनाए हुए है। विशेषज्ञों की माने तो बाघ समेत अन्य जंगली जानवर शोर से परेशान हो जाते हैं। ऐसे में उनके आक्रामक होने की संभावना बढ़ जाती है। इन बाघों का रहता है मूवमेंटः बाघिन टी 123 और उसके दो शावक इस क्षेत्र में देखे जाते रहे हैं। दोनों शावक अब वयस्क हो चुके हैं। अब वे मां से अलग होकर अपनी टेरिटरी बना रहे हैं। इस छोटे से क्षेत्र में बाघों की संया अधिक होने के कारण वह अक्सर इंसानी आबादी के नजदीक आ जाते हैं। अधिकारियों द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वह रात के समय क्षेत्र में आने से बचें। कलियासोत का यह क्षेत्र रहवासी कॉलोनी से घिरा हुआ है। जिसके कारण दशहरा और दिवाली के मौके पर इन क्षेत्रों में भी पटाखों का शोर सुनाई देता है।

## रूकमणी दरियानी के नेत्रों का दान



**हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर, निवासी 71 वर्षीय रूकमणी दरियानी का देहावसान 9 अक्टुबर को हो गया। दिवंगत प्राणी के दामाद प्रकाश भोजवानी ने अपनी सासूमां की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं। दिवंगत प्राणी के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2149 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है।

## विजयदशमी सत्य के महापर्व पर बेटियों ने किया शस्त्रों का प्रदर्शन



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

श्री हिंदू अखाड़ा महासंघ की ओर से राजधानी में विजयदशमी महापर्व पर शस्त्रों का प्रदर्शन किया। पुराने शहर में निकाले गए चल समारोह में अखाड़ों में शामिल बेटे व बेटियों ने तलवारों से करतब दिखा। इसमें जगदीशपुर, मालीखेड़ी, नारियलखेड़ा, टीला जमालपुरा, चांदबाड़ सहित अन्य स्थानों पर अखाड़े में कई युवक-युवतियों और वृद्ध लोगों ने शस्त्र कला का प्रदर्शन किया। महासंघ के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा और सचिव अनिल ठाकुर ने बताया कि पुराने शहर में परंपरा अनुसार अखाड़े का प्रदर्शन करने की परंपरा रही है। इसी परंपरा आगे बढ़ाते हुए अखाड़ों ने शस्त्रों ने प्रदर्शन किया। पवनसुत, पूरनलाल कनौजिया, खेड़ापति अखाड़ा, जगदीश कुशवाहा खेड़ापति महावीर अखाड़ा, नाथूराम-धनुप साहू, जगन्नाथपुरी धाम अखाड़ा, जगन्नाथ जल श्रीकृष्ण-अर्जुन अखाड़ा सहित अन्य अखाड़ों ने बारी-बारी से करतब दिखाए। अखाड़ों को पुरस्कृत भी किया गया।

## स्वच्छता में भागीदारी कार्यक्रम में निकली जागरूकता रैली



**हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की एन.सी.सी. यूनिट ने वन एम.पी. नेवल की ओर से आयोजित स्वच्छता में भागीदारी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। एन.सी.सी यूनिट ने श्रमदान, रैली, नुक्कड़ नाटक और वॉल पेंटिंग कर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता रैली में कैडेट्स ने स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का नारा देते हुए लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया।

## नगर में दूसरे दिन भी विसर्जन दुर्गा सप्तशति का हुआ पाठ



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम नगर में दूसरे दिन भी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। सीहोर नाका झूलेलाल विसर्जन घाट पर सुबह से रात तक प्रतिमाओं का विसर्जन चलता रहा। देर रात को चल समारोह का चंचल चौराहे पर स्वागत किया गया। शारदीय नवरात्रि के पर्व समापन पर सैनिक कालोनी नुक्कड़ वाली माता मंदिर में दुर्गा सप्तशति का पाठ आचार्य विद्वान ब्राह्मण द्वारा हवन पूजन के साथ किया गया। पंडित रवि पटेरिया एवं अनीश मिश्रा के सानिध्य में पूजन किया गया।

**मेट्रो एंकर**

### लाइसेंस में दो बार छपकर आ रही जन्मतिथि

# डाउनलोड नहीं हो रहे वाहनों के पंजीयन कार्ड

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

स्मार्ट चिप कंपनी की ओर से क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) और जिला परिवहन कार्यालय (डीटीओ) से जारी होने वाले परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस और वाहनों के पंजीयन कार्ड प्रिंट करने का काम 30 सितंबर को बंद कर दिया गया था। तीन अक्टूबर से परिवहन विभाग ने राष्ट्रीय सूचना केंद्र (एनआइसी) के पोर्टल सारथी परिवहन पोर्टल के जरिए बनाए जाने वाले परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस का पीडीएफ रखने व प्रिंट निकलवाने की नई व्यवस्था शुरू की थी।

#### एक बार डाउनलोड हो रहे हैं कार्ड

इसके साथ ही वाहन-चार पोर्टल के माध्यम से बनने वाले वाहनों के पंजीयन कार्ड की पीडीएफ व प्रिंट लेने की व्यवस्था भी शुरू की गई। अब पंजीयन व लाइसेंस की नई यह व्यवस्था आवेदकों की परेशानी का कारण बनने लगी है। वाहनों के पंजीयन कार्ड सिर्फ एक बार डाउनलोड हो रहे हैं, दूसरी बार डाउनलोड नहीं हो पा रहे हैं, जबकि नई व्यवस्था के तहत एक से अधिक बार डाउनलोड किया जा सकता है। अभी त्योहारी सीजन चल रहा है। नवरात्र व दशहरा राजधानी सहित प्रदेश भर में सैकड़ों दो व चार पहिया वाहनों की बिक्री हुई है। दीपावली तक सैकड़ों और वाहन बिकेंगे। यदि इसी तरह समस्या चलती रही तो कई वाहन शोरूम कर्मचारी व वाहन मालिक वाहनों के पंजीयन कार्ड दूसरी बाद ओटीपी नहीं आने से डाउनलोड नहीं कर पाएंगे। ऐसे में पेंडिंग आवेदनों की संख्या बढ़ती जाएगी।

इधर, स्मार्टचिप कंपनी के समय जो आवेदन पेंडिंग हैं, उनके भी कार्ड अब तक नहीं वाहन मालिकों को नहीं मिले हैं। वहीं ड्राइविंग लाइसेंस की प्रकिया पूरी होने के बाद जिन आवेदकों की जन्मतिथि दो बार छह कर आ रही है, उन्हें भविष्य में पुलिस चेकिंग के समय परेशानी आएगी।



#### ये है स्थिति

- 19 हजार से हर दिन वाहनों के पंजीयन प्रदेश भर में होते हैं।
- 50 हजार तक वाहनों के पंजीयन त्योहारी सीजन जैसे नवरात्र, दशहरा, दीपावली तक होते हैं।
- 11000 के करीब ड्राइविंग लाइसेंस प्रदेश भर में एक दिन में जारी होते हैं।



# शस्त्र पूजन व पथ संचलन में पहली बार महिला स्वयंसेवक भी बनी हिस्सा

## 32 केंद्रों पर हुआ आयोजन, यहीं से शहर के विभिन्न मार्गों पर निकले पथ संचलन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विजयादशमी पर हुए शस्त्र पूजन व पथ संचलन में पहली बार महिला स्वयंसेवकों ने भी हिस्सा लिया। इसके पहले हर वर्ग के पुरुष स्वयं सेवक ही सहभागी बनते थे। राष्ट्र सेवा को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विधि आयामों पर किए जा रहे कामों का परिणाम है कि हर आयु वर्ग की महिलाएं भी अब उक्त प्रकल्प का हिस्सा बनने के लिए आगे आ रही है।

विजयादशमी पर शहर के 24 और ग्रामीण क्षेत्रों के 8 केंद्रों पर आयोजन हुए। यहां भव्य रूप से शस्त्र पूजन किए गए। इसके बाद शहर के विभिन्न मार्गों पर पथ संचलन निकला, जिसमें अनुशासन की झलक दिखी।

उक्त पथ संचलन में स्वयं सेवक अपनी पूर्ण पोषक में दिखे। हाथों में डंडा और सिर पर टोपी थी। चेहरे पर राष्ट्र सेवा की झलक ने हर किसी को अनुशासन में बांध दिया। पथ संचलन का जगह–जगह भव्य स्वागत हुआ। फूलों की बारिश की गई। शहर के एक केंद्र पर मध्य भारत प्रांत के प्रांत संघ चालक अशोक पांडे ने सहभागिता की। उनकी अध्यक्षता में शस्त्र पूजन कर विजयादशमी उत्सव मनाया गया। जिसके बाद पथ संचलन निकला। शहर के 24 और ग्रामीण क्षेत्रों के जिन 8 केंद्रों से पथ संचलन की शुरुआत हुई थी, उन्हीं केंद्रों पर पथ संचलन का भगवान श्रीराम के उद्घोष के साथ विधिवत समापन किया गया। विजयादशमी के पूर्व शहर की 100 से अधिक बस्तियों में पथ संचलन के पूर्व एक महीने तक पूर्वाभ्यास किया गया।

## पूर्व सैनिकों की रैली 20 अक्टूबर को होगी आयोजित

**भोपाल.** जिला भोपाल, रायसेन, सीहोर, विदिशा, होशंगाबाद, गुना व राजगढ़ में निवासरत भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं व वीरनारियों के समान में भूतपूर्व सैनिक रैली रविवार 20 अक्टूबर सुबह दस बजे 3 ईएमई सेन्टर स्थित जीत स्टेडियम बैरागढ, भोपाल में आयोजित की जा रही है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी भोपाल ग्रुप केप्टन अभिताभ रावत ने जिलों में निवासरत भूतपूर्व सैनिकों उनकी विधवाओं एवं वीरनारियों से समारोह में उपस्थित होने के लिए अपील की है। समिलित होने वाले भूतपूर्व सैनिकों और विधवाओं से अपील है कि अपना पहचान पत्र या ईसीएचएस कार्ड साथ में अवश्य लाएं।

### मुख्यमंत्री ने महेश्वर में शस्त्र पूजन कर करोड़ों की सौगात दी

# अहिल्या देवी के लोककल्याण को औद्योगिक क्षेत्र विकसित कर आगे बढ़ाएगी मोहन सरकार

**– महेश्वर में बनेगा अहिल्या लोक, औद्योगिक क्षेत्र, विलेज टूरिज्म भी विकसित होगा**

**- मकर संक्रांति पर कैबिनेट बैठक करने की घोषणा करने की घोषणा की**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** लोकमाता अहिल्या देवी के लोककल्याण को मोहन सरकार महेश्वर में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करेगी। इसके पहले यहां भव्य अहिल्या लोक का निर्माण कराया जाएगा। सरकार यहां विलेज टूरिज्म को भी बढ़ावा देगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजयादशमी पर शस्त्र पूजन कर यह घोषणा की। उन्होंने महेश्वर को 83 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत के 43 निर्माण कार्यों की सौगात दी। यह भी घोषणा की कि महेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल में उन्नयन किया जाएगा।



### जनप्रतिनिधियों से कहा– महेश्वर में कैबिनेट बैठक भी करेंगे

मुख्यमंत्री ने विजयादशमी पर जनप्रतिनिधियों से कहा है कि सरकार महेश्वर में कैबिनेट बैठक करेगी। जिसमें कई अहम निर्णय लिए जाएंगे, जो लोकमाता के निर्णय की तरह जनकल्याण से जुड़े होंगे। यह कैबिनेट बैठक मकर संक्रांति पर होगी। उन्होंने बताया कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर सुशासन और लोक कल्याण का प्रतीक रही हैं। जनता की सुविधाओं, इच्छाओं, आकांक्षाओं के आधार पर सरकार चलाना ही सुशासन है, जो उन्होंने उस समय करके दिखाया था इसलिए शस्त्र पूजन के लिए महेश्वर को चुना।

**मंडलेश्वर कॉलेज का नाम महर्षि मंडन मिश्र के नाम पर:** झापड़ी में 5.50 करोड़ रूपये की सड़क निर्माण, बंगरिया से सोमा खेड़ी तक 4.50 करोड़ रूपये की सड़क निर्माण किया जाएगा। मंडलेश्वर कॉलेज का नाम महर्षि मंडन मिश्र के नाम पर होगा। क्षेत्र के 2 मंदिरों का जिर्णोद्धार करने, नरसिंह घाट का विस्तार करने, महेश्वर में टेक्सटाइल उद्योग को प्रोत्साहित करेंगे। बड़वाह- धामनोद मार्ग पर बड़वाह में डिवाइडर का निर्माण किया जाएगा। अवैध शस्त्र जब्त करने वाले सब इंस्पेक्टर को 31 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि देंगे। भक्तिपूर्ण माहौल के लिए भजन मण्डली को एक लाख रूपये दिए जाएंगे।

### लोक शिक्षण संचालनालय ने समय-सारणी के साथ जारी किए दिशा निर्देश

# स्कूलों की मान्यता की प्रक्रिया शुरू, 25 नवम्बर तक कर सकेंगे आवेदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक अशासकीय शालाओं की मान्यता को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने समय-सारणी जारी की है। यह मान्यता सत्र 2025-26 के लिए तय की गई है। आवेदक, एमपी ऑनलाइन के मान्यता पोर्टल पर पूरी तरह भरे हुए आवेदन इस वर्ष 25 नवम्बर तक अपलोड कर सकेंगे। आवेदन का परीक्षण संबंधित जिला शिक्षाधिकारी द्वारा किये जाने एवं अपनी अनुशंसा सहित प्रतिवेदन संभागीय संयुक्त संचालक को ऑनलाइन प्रेषित करने का कार्य 10 दिसम्बर तक कर सकेंगे। इसके बाद संभागीय संयुक्त संचालक प्रस्तुत अनुशंसा पर 10 जनवरी, 2025 तक निर्णय लेंगे, जिन संस्थाओं के आवेदन संभागीय संयुक्त संचालक स्तर पर निरस्त हुए हैं, उनकी प्रथम अपील लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल में 10 फरवरी तक की जा सकती है।





**प्रथम अपील का निराकरण 10 मार्च तक:** इसके बाद आयुक्त लोक शिक्षण नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के प्रकरणों में ऑनलाइन प्राप्त प्रथम अपील का निराकरण 10 मार्च, 2025 तक किया जायेगा। इसी सिलसिले में लोक शिक्षण संचालनालय स्तर पर निरस्त आवेदन पर द्वितीय अपील 2 अप्रैल तक की जा सकेगी।

### द्वितीय अपील का निराकरण 30 अप्रैल तक

द्वितीय अपील का निराकरण 30 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। अशासकीय शालाओं द्वारा संबद्धता शुल्क जमा किये जाने पर माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संबद्धता दिये जाने की तिथि मण्डल द्वारा पृथक से निर्धारित की जायेगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## एडीजी से एसपी तक पुलिस मकहमे में सर्जरी की तैयारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पीएचक्यू में एक पखवाड़े के भीतर एडीजी के तीन पद रिक्त हो गए हैं। इनमें दो पद 30 सितंबर को एडीजी अजाक राजेश कुमार गुप्ता और एडीजी पीटीआरआइ अनिल कुमार गुप्ता के सेवानिवृत्त होने से हुए। वहीं शनिवार को एडीजी योगेश देशमुख को गुप्तवार्ता में भेजने से अब सायबर विभाग में एडीजी का पद रिक्त हो गया। ऐसे में अब पीएचक्यू में तीन एडीजी के पद रिक्त हो गए हैं। सूत्रों की माने तो एडीजी स्तर पर भी फेरबदल की तैयारी शासन स्तर पर चल रही है।

# ग्लोबल स्किल्स पार्क में एक वर्षीय पाठ्यक्रम के आवेदन 25 तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र सरकार द्वारा संचालित संत शिरोमणि रविदास शासकीय 'ग्लोबल स्किल्स पार्क' में 2024 के एक वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह संस्थान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उच्च-स्तरीय तकनीकी पाठ्यक्रम प्रदान करता है। संस्थान में एडवांस ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी, एडवांस मैकेनिकल टेक्नोलॉजी, एडवांस्ड इलेक्ट्रिकल टेक्नोलॉजी पावर एंड कंट्रोल, एडवांस्ड मेकाट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी, एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी, एडवांस्ड प्रिसीजन इंजीनियरिंग, एडवांस्ड मैकेनिकल एंड इलेक्ट्रिकल सर्विसेस, एडवांस्ड एयर-कंडीशनिंग एंड रेफ्रिजरेशन, और एडवांस्ड नेटवर्किंग एंड सिस्टम्स एडमिनिस्ट्रेशन जैसे पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। ये पाठ्यक्रम छात्रों को आधुनिक तकनीकी कौशल सिखाने पर केंद्रित हैं, जो उन्हें रोजगार के अधिक अवसर प्रदान करते हैं।





### संस्थान में ठहरने की निःशुल्क सुविधा


इस कोर्स के साथ छात्रों के लिए संस्थान में ठहरने की निःशुल्क सुविधा भी दी जाती है। ग्लोबल स्किल्स पार्क का प्लेसमेंट रिकॉर्ड 98 प्रतिशत है, जो इसे रोजगार के लिए एक प्रमुख केंद्र बनाता है। आवेदन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2024 है और योग्य उम्मीदवार पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक छात्र संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**मेट्रो एंकर** | स्कूल शिक्षा विभाग की पहल

# स्कूली विद्यार्थियों के लिए तैयार होगी उज्ज्वल प्रशिक्षण मार्गदर्शिका, नयी सोच का संचार करेगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में पढ़ने वाले बालकों में सकारात्मक सोच के लिये उज्ज्वल कार्यक्रम में प्रशिक्षण मार्गदर्शिका तैयार की जा रही है। इसका प्रमुख उद्देश्य बालकों को बढ़ती उम्र के साथ विभिन्न पहलुओं और बदलाव में उनकी सकारात्मक भूमिका के प्रति सजग करना है। यह एक नवीन पहल है, जो बालकों में एक नयी सोच का संचार करेगी, जिससे वे सकारात्मक सोच के साथ विभिन्न मुद्दों को समझ पायें। किशोर अवस्था में अर्जित ज्ञान और कौशल का प्रभाव आजीवन रहता है। इसलिये आवश्यक है कि पौरूषष् की अवधारणा से बालक प्रारंभ से ही परिचित हो सकें और उनके अनुकूल जीवन में व्यवहार करने की सोच उनके अंदर विकसित हो सके। स्कूल शिक्षा विभाग ने यूनाइटेड नेशन पॉपुलेशन फंड एक्टिविटी (यूएनएफपीए) के सहयोग से इस नवीन अवधारणा को लेकर मार्गदर्शिका उज्ज्वल का निर्माण किया है।



### किशोरियों के लिए भी मार्गदर्शिका

कन्या छात्रावासों में अध्ययन करने वाली कक्षा 9वीं से 12वीं की किशोरियों के लिए भी सशक्त मार्गदर्शिका तैयार की जा रही है। मार्गदर्शिका के सहयोग से किशोरियां दक्षता अर्जित कर पाएंगी, जो उनके भावी जीवन को बेहतर बनाने में सहायक होगी। किशोरियां विभिन्न जीवन कौशल विकसित कर जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में अधिक सक्षम हो पायेंगी। किशोरियां अपने अधिकारों, कर्तव्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक होकर हॉस्टल, घर और समुदाय में परिवर्तन लाने की दिशा में भी सहयोग कर पायेंगी।

### उज्ज्वल में शामिल मुद्दे

मार्गदर्शिका उज्ज्वल में भेदभाव, हिंसा, टकराव, साइबर अपराध, लैंगिक अपराधों और कुप्रथाओं को रोकने में बालकों की भूमिका, घरेलू कामों में बालकों व पुरूषों की बराबरी की भागीदारी जैसे विभिन्न मुद्दे शामिल किये गये हैं। मार्गदर्शिका का क्षेत्रीय परीक्षण प्रदेश के डिंडोरी, बैतूल, गुना एवं भोपाल जिलों में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के साथ चर्चा की गई। उनसे मिली प्रतिक्रियाओं और सुझावों को मार्गदर्शिका की विषय-वस्तु में शामिल किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने मार्गदर्शिका का प्रथम प्रारूप तैयार कर इसकी समीक्षा शिक्षकों के साथ की है। विभाग संशोधित मार्गदर्शिका को अंतिम स्वरूप देने पर काम कर रहा है।




# कारोबारी दुनिया का यह सितारा उसूलों का पक्का रहा हमेशा

## सरकार से दूरी, आमजन से करीबी

■ हर्ष गोयनका

यह न सिर्फ भारतीय उद्योग जगत बल्कि समूचे देश के लिए बुरा वक्त है। रतन टाटा ईमानदारी, एथिकल लीडरशिप और फिलैंथ्रॉपी (परोपकार) की मिसाल थे। उन्होंने बिजनेस की दुनिया और इसके बाहर भी अपनी छाप छोड़ी। वह कमाल के शख्स थे। उन्होंने अपनी जिंदगी उसूलों के साथ जी और दूसरों के लिए बिजनेस में मानक तय किए। उन्होंने बताया कि कारोबार की दुनिया में कॉरपोरेट गवर्नेंस की क्या अहमियत है। उन्होंने दिखाया कि सम्मान के साथ बिजनेस कैसे किया जाता है। उन्हें उसूलों पर आधारित रिश्तों के लिए भी याद किया जाएगा।

**बोल्ड एक्विजिशन:** जिस सूझबूझ और सादगी के साथ रतन टाटा ने जीवन जिया, वह मैं कभी नहीं भूल सकता। वह बिलियनेयर थे। चाहते तो विलासिता भरी जिंदगी चुन सकते थे, लेकिन उन्होंने एक मंजिला इमारत में रहना चुना। 1991 से 2012 तक रतन टाटा, टाटा ग्रुप के चेयरमैन रहे। इस दौरान उन्होंने ग्रुप को दुनिया की बड़ी कारोबारी ताकत में बदला। उन्होंने कई बोल्ड कदम उठाए और दूसरे देशों की जानी-मानी कंपनियों को खरीदा। इनमें जैगुआर लैंड रोवर, टेटली, कोरस स्टील जैसे नाम शामिल थे। इससे न सिर्फ टाटा ग्रुप का देश से बाहर विस्तार हुआ बल्कि दुनिया में भारत की साख बढ़ी। वह इस तरह से दूसरे भारतीय उद्योगपतियों के लिए प्रेरणा भी बने।


**ईमानदारी से धंधा:** टाटा ने सिखाया कि टिकाऊ ग्रोथ के लिए ईमानदारी किस तरह जरूरी है। कई साल पहले जब हम टेलिकॉम बिजनेस से बाहर निकल रहे थे तो उनके इस गुण ने मुझ पर अमिट छाप छोड़ी। हमारा इस सौदे के लिए टाटा ग्रुप के साथ अनौपचारिक समझौता हुआ था। इससे पहले कि औपचारिक समझौता हो पाता, किसी और ने हमें टाटा ग्रुप के मुकाबले अधिक रकम की पेशकश की। लेकिन हमने उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया क्योंकि हम टाटा ग्रुप से वादा कर चुके थे। मुझे नहीं पता कि रतन टाटा को कैसे यह बात पता चल गई। खैर, जब उन्होंने इस बारे में सुना तो मुझे फोन करके शुक्रिया अदा किया। उन्होंने मुझसे कहा कि आप यह सौदा उसी तरह से कर रहे हैं, जैसे कि टाटा ग्रुप कोई सौदा करता है।

**लीडरशिप स्टाइल:** रतन टाटा के नेतृत्व की शैली ऐसी थी कि ग्रुप में काम करने वाले खुद पर नाज करते थे। उनकी लीडरशिप में दूसरों को फैसले करने का अधिकार हासिल था। वह इस बात को बखूबी समझते थे कि किसी कामयाब कारोबार का दिल कर्मचारी होते हैं। वह उनके प्रति अपने दायित्व को गंभीरता से लेते थे। यह कर्मचारियों के प्रति उनके बर्ताव से जाहिर होता था। 2008 में मुंबई आतंकवादी हमले के दौरान उनका यह व्यक्तित्व सबने देखा। तब उन्होंने खुद यह पक्का किया कि हमले में ताज महल होटल के जो स्टाफ प्रभावित हुए थे, उन्हें हर तरह का सपोर्ट और मदद मिले। हमले में होटल के सभी पीड़ितों के इलाज का खर्च भी उन्होंने खुद उठाया।

**विनम्रता की मिसाल:** रतन टाटा की एक और बेमिसाल खूबसूरती उनकी विनम्रता थी। एक पार्टी के दौरान मैं खुद इसका गवाह रह चुका हूं। हम लोग जब किसी विषय पर गंभीर बातचीत कर रहे थे, तभी एक शेयरधारक ने टाटा को टोका। वह उनसे अपने सवालों के जवाब चाहते थे। तब रतन टाटा ने बातचीत छोड़कर पहले उनके सवालों के जवाब दिए। इसके बाद शाम को उन्होंने मुझे ढूंढा और बातचीत बीच में ही छोड़कर जाने के लिए माफी मांगी। मैं उनकी इस विनम्रता से बेहद प्रभावित हुआ।

**समाज की परवाह:** वह मानते थे कि बिजनेस में सिर्फ प्रॉफिट मार्जिन की परवाह करना काफी नहीं है। यह भी देखना चाहिए कि उससे कम्युनिटी पर क्या असर पड़ रहा है। आम आदमी को सशक्त बनाने की उनकी ख्वाहिश टाटा नैनो के रूप में सामने आई, जो दुनिया की सबसे किफायती फैमिली कार थी। युवा उद्यमियों की मेंटॉरिंग और स्टार्टअप में निवेश के जरिये उन्होंने अपने मूल्य दूसरों को सिखाए। वह चाहते थे कि ये युवा उद्यमी सही मूल्यों के साथ कामयाब कारोबारी बनें। साथ ही, ऐसे निवेश के जरिए वह आधुनिक तकनीक से भी वाकिफ रहे।

**पूरा हुआ सपना:** रतन टाटा का सपना था कि एयर इंडिया फिर से टाटा ग्रुप के पास आ जाए। इस सपने को उन्होंने अपनी आंखों के सामने पूरा होते देखा। उन्होंने कभी कहा था, 'जिस दिन मैं उड़ान नहीं भर पाऊंगा, वह मेरे लिए अफसोसनाक दिन होगा।' एन चंद्रशेखरन के रूप में उन्हें उत्तराधिकारी



के साथ एक पार्टनर भी मिला। चंद्रशेखरन इनोवेशन के रतन टाटा के विजन से सहमत थे। वह टाटा ग्रुप के मूल्यों को आगे बढ़ा रहे हैं।

**समाज के रतन:** रतन टाटा समाज के लिए कुछ करना चाहते थे। उनसे पहले टाटा ग्रुप के दूसरे लोगों में भी यह प्रतिबद्धता थी। टाटा ग्रुप के इन लीडर्स ने पीढ़ियों से इस देश को ऊंचे मकाम तक पहुंचाने के प्रयास किए। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में योगदान किया। समाजसेवा की। देश के कुछ बेहतरीन अस्पताल और शैक्षणिक संस्थान टाटा ग्रुप की ही देन हैं। रतन टाटा ने भी इस विरासत को आगे बढ़ाया। वह देश के कई हिस्सों में कैंसर अस्पतालों के निर्माण से जुड़े रहे। साथ ही, मुंबई में छोटे जीवों के लिए आधुनिक मेडिकल सेंटर बनाने में भी उनकी भूमिका रही।

**बेमिसाल विरासत:** आज जब हम उन्हें अलविदा कह रहे हैं तो हम एक दिग्गज उद्योगपति के रूप में भी उन्हें याद कर रहे हैं। एक ऐसा उद्योगपति जिनकी कामयाबी न सिर्फ मिल्कियत बल्कि देश पर उन्होंने जो छाप छोड़ी, उससे जोड़कर हमेशा देखी जाएगी। रतन टाटा ऐसी विरासत छोड़कर गए हैं, जिसकी बराबरी करना आसान नहीं होगा। वह हमारी यादों में हमेशा बने रहेंगे।

(लेखक RPG गोयनका ग्रुप के चेयरमैन हैं)

# खुद की सेहत का ख्याल भी रखें डॉक्टर

■ दीपिका अरोड़ा

अच्छे स्वास्थ्य की बात करें तो शारीरिक व बौद्धिक पुष्टता होने के साथ मानसिक रूप से सशक्त होना भी अनिवार्य है। भागदौड़ भरी ज़िंदगी में निरंतर उपजता तनाव वैश्विक स्तर पर आज एक प्रमुख चुनौती बन चुका है। इसके चलते प्रतिवर्ष सात लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। लोगों को स्वस्थ बनाने की ज़िम्मेदारी निभाने वाला चिकित्सा क्षेत्र तो इस संदर्भ में दो क़दम आगे ही पाया गया।वियना विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा 1960 से 2024 के बीच का डेटा लेकर 20 देशों पर किए गए 39 अध्ययनों के व्यापक विश्लेषण खुलासा करते हैं कि महिला डॉक्टर्स में खुद के जीवन को आघात पहुंचाने का ज़ोखिम सामान्य लोगों की तुलना में 76 प्रतिशत अधिक है, जबकि पुरुष डॉक्टरों में यह अन्य पेशों की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक रहा। अध्ययन में सामने आया कि चिकित्सा क्षेत्र में शामिल पुरुष-महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष रूप से भारी दबाव रहता है, जो उन्हें आत्मघाती कदम उठाने की ओर धकेलने का सबब बन सकता है।

विगत कुछ वर्षों से खुद के ही घात के सर्वाधिक प्रकरण भारतवर्ष में देखने को आए। यहां प्रतिवर्ष डेढ़ लाख लोगों की मृत्यु में कारण उनके द्वारा आत्मघाती मार्ग अपनाना था। 2022 में भारतीय मनोचिकित्सा पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन देश में डॉक्टर्स के बीच आत्महत्या की दर सामान्य आबादी की तुलना में अढ़ाई गुणा अधिक होने की बात कहता है। इसके अनुसार, देश में प्रतिवर्ष लगभग 350 डॉक्टर आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। देश का हर दूसरा डॉक्टर गहरे तनाव का सामना कर रहा है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक़, 2016 में 9,478 छात्रों ने आत्महत्या की। यह संख्या 2021 में बढ़कर 13,089 हो गई, इस वर्ष प्रतिदिन 35 छात्रों ने खुदकुशी की। आत्महत्या के सर्वाधिक मामले मेडिकल क्षेत्र से संबद्ध रहे। गत वर्ष 119 प्रकरण संज्ञान में आए, जोकि अब तक के अधिकतम मामले हैं।डॉक्टर्स के बीच तनाव व थकान की गंभीर समस्या को लेकर आईएमए द्वारा 2023 में किया गया सर्वेक्षण 82 प्रतिशत चिकित्सकों में बहुत अधिक थकान महसूस करने का तथ्य उजागर करते हुए बताता है कि 40 फ़ीसदी डॉक्टर्स का तनाव उनके व्यक्तिगत जीवन को भी कई मायनों में प्रभावित कर रहा है। मेडिकल छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर राष्ट्रीय कार्यबल की रिपोर्ट बताती है कि विगत 12 महीनों में 16.2 प्रतिशत एमबीबीएस छात्रों ने मन में स्वयं को हताहत करने या आत्महत्या करने संबंधी विचार आने की बात स्वीकारी। बता दें कि एम.डी./एम.एस. छात्रों के मामले में यह 31 फ़ीसदी दर्ज़ की गई।

पेशेवर चुनौतियां व लंबी कार्य अवधि- इस अनवरत बढ़ते मानसिक दवाब में प्रमुख कारण हैं पेशेवर चुनौतियां व लंबी कार्य अवधि जो तन-मन के लिए अपेक्षित विश्रान्ति का अवसर ही नहीं देतीं। साल 2021 के जर्नल ऑफ फैमिली मेडिसिन एंड प्राइमरी केयर के तहत, भारत में 70 प्रतिशत डॉक्टर हर सप्ताह 80 घंटे से अधिक कार्य करते हैं जबकि 35 प्रतिशत डॉक्टर्स के मामले में यह अवधि 100 घंटे से भी अधिक है। दुर्व्यवहार का भय भी तनाव में एक बड़ा कारण है। साल 2019-23 के मध्य ड्रॉपआउट दर तेज़ी से बढ़ने में निस्संदेह पेशेवर तनाव अहम कारण है। एनसीआरबी आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान 32,186 छात्रों ने पढ़ाई छोड़ी।

भावनात्मक मजबूती की सीख- शोधकर्ताओं के कथनानुसार, आत्महत्याएं रोकने के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। इसकी शुरुआत बचपन से ही हो जानी चाहिए। अधिकतर अभिभावक बच्चों में आईक्यू बढ़ाने पर ज़ोर देते हैं किंतु ईक्यू यानी इमोशनल इंटेलीजेंस सुधारने के बारे कम ही सोचते हैं। भारत में लगभग 60 प्रतिशत किशोर भावनात्मक स्तर पर कम विकसित पाए गए। राष्ट्ररय शैक्षिक अनुसंधान की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय विद्यालयों में मात्र 20 प्रतिशत बच्चों को ही भावनात्मक स्तर पर शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिल पाता है।

### काम के साथ जीवन का संतुलन

हाल ही में साल 2017 के नीट टॉपर द्वारा उठाया आत्मघाती क़दम हमें इस विषय में गंभीरतापूर्वक सोचने पर विवश करता है। शोधकर्ताओं का मानना है कि डॉक्टरों की मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक मजबूत समर्थन प्रणाली बनाई जानी चाहिए, जिससे उन्हें पेशेवर तथा व्यक्तिगत जीवन के मध्य सामंजस्य बनाने में मदद मिल सके। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) कार्यबल के एक ऑनलाइन सर्वेक्षण में शामिल रेजीडेंट डॉक्टरों को प्रति सप्ताह 74 घंटे से अधिक काम न करने, सप्ताह में एक दिन अवकाश लेने व प्रतिदिन 7-8 घंटे की नींद लेने की सलाह दी गई।आत्महत्या गंभीर अपराध माना गया है किंतु वास्तव में यह एक जटिल सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा है, जो भविष्य की नींव सुदृढ़ बनाने व चुनौतियों का सामना करने हेतु माइंडफुलनेस प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल देता है। अभिभावकों का अति महत्वाकांक्षी होना बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए अहितकर साबित हो सकता है। व्यवसाय कोई भी हो, हर हाल में सहज बने रहना ही ध्येय की ओर ले जाता है।



## अमिताभ के जन्म से ठीक पहले हरिवंशराय बच्चन ने पत्नी तेजी से कही थी यह बात

# 'उसके रूप में मेरे पिता की आत्मा आ रही है'

**अमिताभ बच्चन और रजनीकांत तमिल एक्शन थ्रिलर 'वेट्टैयन' में 33 साल के बाद स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। 'वेट्टैयन' के ऑडियो लॉन्च में रजनीकांत ने अमिताभ बच्चन की तारीफ की। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी था जब अमिताभ करोड़ों के कर्ज में डूबे थे। जिसे चुकाने के लिए वो लगातार 18 घंटे काम करते थे। यहां तक कि उन्होंने अपना घर भी बेच दिया था।**


हिंदी फिल्मों के अभिनेता अमिताभ बच्चन ने कल अपना 82वां जन्मदिन मनाया है। हाल में फिल्म कल्कि और अब वेट्टैयन में उन्हें देखा जा रहा है। इसके अलावा इन दिनों वे सप्ताह में पांच दिन टीवी पर गेम शो 'कौन बनेगा करोड़पति' में नजर आ ही रहे हैं। बिग बी अपनी फिल्मों और केबीसी में अपने मजेदार किस्सों से तो लोगों को लुभाते रहे हैं। लेकिन उस रात के बारे में हर व्यक्ति नहीं जानता, जब अमिताभ के जन्म से ठीक पहले उनकी मां तेजी बच्चन को लेबर पेन शुरू हो गए थे। तेजी दर्द में थीं और पिता हरिवंश राय बच्चन ने उन्हें दावे के साथ कह दिया था कि बेटा ही होने वाला है।दरअसल, इस दिलचस्प किस्से को आमिर खान ने 'कौन बनेगा करोड़पति' के नए प्रोमो में भी साझा किया था। आमिर नही केबीसी के जन्मदिन वाले खास शो में पहुंचे थे। दरअसल अमिताभ बच्चन का जन्म 11 अक्टूबर 1942 को हुआ था. वे दिवंगत कवि और लेखक हरिवंश राय बच्चन के बेटे हैं। केबीसी में, आमिर ने खुलासा किया कि जिस दिन तेजी बच्चन को लेबर पेन शुरू हुए, हरिवंश ने उनसे कहा था कि उनका बेटा होगा और वह प्रताप नारायण श्रीवास्तव का पुनर्जन्म होगा।

### बायोग्राफी में जिक्र

आमिर खान ने अमिताभ से शो में पूछा कि 'क्या आपको वह दिन याद है जब आप पैदा हुए थे?' अमिताभ ये सुन पहले तो थोड़े चकित हुए फिर आमिर ने उनसे कहा, 'अमिताभ के पिता ने एक्टर के जन्मदिन पर हुई घटनाओं के बारे में विस्तार से लिखा है.' इसके बाद एक्टर ने हरिवंश राय बच्चन की जीवनी का एक अंश पढ़ा- 'जब तेजी ने मुझे जगाया और कहा कि उसे प्रसव पीड़ा हो रही है, तो वह एक ब्रह्म मुहूर्त था' मैंने एक जीवंत सपना देखा था और मैं उससे इतना प्रभावित था कि मैं इसे तेजी के साथ साझा किए बिना नहीं रह सका' अपनी आधी नींद की अवस्था में, मैंने उससे कहा, 'तेजी, तुन्हें बेटा ही होगा और उसके रूप में मेरे पिता की आत्मा उसके रूप में आ रही है। ज्ञात हो कि हरिवंश राय बच्चन का निधन 18 जनवरी 2003 को हुआ। वे 95 साल के थे तथा वह देश के नामे-माने कवि थे, जो अपनी कृतियों जैसे 'मधुशाला' और 'अग्निपथ' के लिए जाने जाते थे. अमिताभ अक्सर हरिवंश की यादों और लेखन को याद करते हैं।

### इसलिए दो बार मनता है जन्मदिन

अमिताभ की जिंदगी का एक अनोखा पहलू यह है कि वह हर साल एक बार नहीं बल्कि दो बार अपना जन्मदिन मनाते हैं, और इसके पीछे की वजह बेयह है कि 2 अगस्त उनके जीवन का एक और अहम दिन है। इस दिन को उनके चाहने वाले 'पुनर्जन्म का दिन' भी मानते हैं, क्योंकि इस दिन उन्होंने मौत को मात दी थी। यह बात 1982 की है, जब अमिताभ बच्चन फिल्म 'कुली' की शूटिंग कर रहे थे।



24 जुलाई को बेंगलुरु में एक एक्शन सीन के दौरान उनके पेट में गलती से पुनीत इस्सर का घूंसा लग गया था, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई थी। यह चोट इतनी गहरी थी कि उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मल्टीपल सर्जरी करनी पड़ी। इसके बाद उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल शिफ्ट कर दिया गया, लेकिन उनकी तबीयत में कोई सुधार नहीं हो रहा था। फिर एक वक्त ऐसा आया जब उन्हें मृत घोषित कर दिया गया था। लेकिन 2 अगस्त को एक चमत्कार हुआ, जब बिग बी ने अचानक अपना अंगूठा हिलाया, और उसके बाद धीरे-धीरे उनकी तबीयत में सुधार होने लगा। इस दौरान उनके परिवार के साथ-साथ लाखों फैंस ने उनकी सलामती की दुआएं कीं. अंततः, 24 सितंबर को उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिली, और जब वह घर लौटे तो अस्पताल के बाहर हजारों फैंस उनका स्वागत करने के लिए मौजूद थे।

अमिताभ बच्चन और रजनीकांत तमिल एक्शन थ्रिलर 'वेट्टैयन' में 33 साल के बाद स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। 'वेट्टैयन' के ऑडियो लॉन्च में रजनीकांत ने अमिताभ बच्चन की तारीफ की। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी था जब अमिताभ करोड़ों के कर्ज में डूबे थे। जिसे चुकाने के लिए वो लगातार 18 घंटे काम करते थे। यहां तक कि उन्होंने अपना घर भी बेच दिया था।

### संघर्ष से दोबारा पाया कहीं बड़ा मुकाम

हाल में तमिल सुपरस्टार रजनीकांत ने भी कहा था कि अमिताभ बच्चन ने जब अपनी कंपनी एबीसीएल लॉन्च की थी तो उनको काफी नुकसान हो गया था। आलम यह था कि वो कर्ज में डूब गए थे। ऐसे में उन्होंने अपना जुहू वाला घर सहित मुंबई में अपनी संपत्ति को भी बेच दिया था।उनका करियार डूबने लगा था। तब 'एक दिन अमिताभ बच्चन मंकी कैप पहनकर यश चोपड़ा के घर गए थे, क्योंकि उनके पास ड्राइवर को सैलरी देने तक के पैसे नहीं थे। बिग बी ने यश से काम मांगा तो उन्होंने तुरंत एक चेक लाकर उन्हें दिया, लेकिन अमितजी ने यह कहकर मना कर दिया कि वह इसे तभी लेंगे जब आप उन्हें कोई काम देंगे। इस तरह उन्हें मोहब्बतें फिल्म मिली थीं। इसके बाद जल्द ही उन्हें केबीसी का भी ऑफर मिल गया था।' 'अमिताभ को विज्ञापन भी मिलने लगे थे। उन्होंने उस समय हर तरह के विज्ञापन किए। कई हेल्थ इश्यूज होने के बावजूद उन्होंने हर दिन 18 घंटे तक काम किया और एक-एक करके अपना सारा कर्ज चुका दिया। इतना ही नहीं उन्होंने पुराना घर भी वापस खरीद लिया। साथ ही उसी गली में कुल तीन घर खरीदे। ऐसे हैं अमिताभ बच्चन। वह अब 82 साल के हैं और अब भी दिन में 10 घंटे काम करते हैं।'

## देवी प्रतिमाओं का विसर्जन




**नर्मदापुरम।** नवरात्रि पर्व के समापन के बाद नगर में स्थापित देवी प्रतिमाओं का विसर्जन हर्बल पार्क में बनाए गए कृत्रिम जल कुंड में किया गया. स्थानीय प्रतिमा के अलावा आसपास के ग्रामीण अंचलों से आने वाली प्रतिमाओं का भी विसर्जन देर रात तक जारी रहा. सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा विसर्जन स्थल पर सैनिकों की ड्यूटी लगाई गई।

### बालिका एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति अभिनंदन अभियान अंतर्गत हुआ शक्ति संवाद कार्यक्रम

# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिले की शक्ति स्वरूप महिलाओं को किया गया सम्मानित




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

बालिका एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति अभिनंदन अभियान अंतर्गत शक्ति संवाद कार्यक्रम गत दिवस रेवा सभा कक्ष कलेक्ट्रेट परिसर नर्मदापुरम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक नर्मदापुरम डॉ सीता शरण शर्मा, उपाध्यक्ष नगर पालिका नर्मदापुरम अभय वर्मा, जिला पंचायत नर्मदापुरम प्रतिनिधि सुधीर पटेल, वरिष्ठ समाजसेवी लोकेश तिवारी, अपर कलेक्टर डी.के. सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ललित कुमार डेहरिया कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती पूजन एवं कन्या पूजन के माध्यम से हुआ.

विधायक डॉ सीता शरण शर्मा द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु आयोजित शक्ति संवाद कार्यक्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा साझा किए गए अनुभवों एवं कार्यों की सराहना करते हुए निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने शक्ति स्वरूप समस्त बालिकाओं एवं महिलाओं का अभिवादन करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में सभी अतिथियों द्वारा जिले की शक्ति स्वरूप महिलाएं जिनमे श्रीमती मालती राणा, शुभ लाभ स्व सहायता समूह, श्रीमती गौरी ईश्वर, प्रिया वचत स्व सहायता समूह, श्रीमती श्वेता तिवारी कामधेनु स्व सहायता समूह, श्रीमती बबीता मर्सकोले, देवांशी स्व सहायता समूह, श्रीमती उर्मिला कुमरे, अधीक्षिका, आदिवासी विभाग माखन नगर, श्रीमती विमला कदम स्पोर्ट टीचर, होम साइंस कॉलेज, श्रीमती किरण विश्वकर्मा योगा ट्रेनर, होम साइंस कॉलेज, सुश्री कंचन वर्मा उन्नतशील कृषक एवं कृषि कर्मठ अवार्ड 2020 से सम्मानित, सुश्री राजेश्वरी यादव कृषि विस्तार अधिकारी, राज्यपाल से पुरस्कृत, श्रीमती जय श्री रैकवार प्रधान आरक्षक, सुश्री स्तुति त्रिवेदी एनसीसी टीसीएस, सुश्री शिल्पी नागर नेशनल प्लेयर, सुश्री सुरभि नागर नेशनल प्लेयर, सुश्री चारु चिचाम, रूस में आयोजित कुराश प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता, सुश्री अनुष्का कटारे रायफल शूटिंग में स्टेट प्लेयर, सुश्री पूनम अश्वारे वॉलीबॉल नेशनल प्लेयर, सुश्री सृष्टि जैन नेशनल प्लेयर, सुश्री पूर्वा सोनी नेशनल प्लेयर, श्रीमती मीनाक्षी दुबे, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, सुश्री सारिका धारू विज्ञान शिक्षिका, सुश्री मनीषा धुर्वे महिला उद्यमी, सुश्री तारा बरकरे पूर्व जिला पंचायत सदस्य, सुश्री समीक्षा बड़कुल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग प्रतियोगिता में विजेता एवं अन्य क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं से एवं बालिकाओं से उनके द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियां एवं उनके अनुभव साझा किए गए।

कार्यक्रम में ऐसे अभिभावक जिन्होंने एक दो बालिकाओं पर अपने परिवार को सीमित किया है को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत डाटर्स क्लब के सदस्य के रूप में गौरव पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिनमे श्रीमती नीलू एवं दरबार मलेया ग्राम निमसाड़ीया, श्रीमती मनोरमा एवं पवन सिंह ग्राम रायपुर, श्रीमती शकीला एवं श्री आशिक खान, श्रीमती ताज बी एवं महबूब खान, श्रीमती खैरुन्निसा एवं श्री नसीम खान को गौरव पत्र से सम्मानित किया गया।माह अक्टूबर में जन्मी पांच बालिकाएं कुमारी अन्वी चौरे, कुमारी आरोही सौर, कुमारी प्रियांशी वर्मा, कुमारी यशस्वी बाघकर, कुमारी आराध्या कपूर, का जन्मोत्सव आयोजित कर उन्हें उपहार एवं मिष्ठान प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत हितग्राही बालिका कुमारी साक्षी चौरे, कुमारी शिवन्या चौरे, कुमारी वेदांशी वर्मा, कुमारी दर्शनी वस्त्रवार एवं कुमारी राध्या पाठक को योजना अंतर्गत लाड़ली लक्ष्मी आश्वासन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत नवाचार करते हुए घर की पहचान बेटी के नाम कार्यक्रम अंतर्गत कुमारी कोशिका रखियां, कुमारी अमायरा अली, कुमारी वैष्णवी, कुमारी ऐश्वर्या एवं कुमारी वंशिका को नेम प्लेट वितरण कर सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय पोषण माह 2024 अंतर्गत आयोजित गतिविधियों में सराहनीय कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती पुष्पा यादव, श्रीमती भारती बोरासी, श्रीमती उर्मिला यादव, श्रीमती सरस्वती ठाकुर, श्रीमती शिवांगी पटेल, श्रीमती लता गढ़वाल, श्रीमती ज्योति भारती, श्रीमती संगीता भलावी एवं श्रीमती कुसुम गौहर को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का मंच संचालन प्रमोद को परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ग्रामीण एवं आभार प्रदर्शन ललित कुमार डेहरिया जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा किया गया ।

# सेठानी घाट पर चलाया गया बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

महिला एवं बाल विकास व अन्य विभागों के संयुक्त दल के द्वारा बाल भिक्षावृती रोकथाम हेतु सर्च अभियान चलाया गया। दल में प्रमोद गौर परियोजना अधिकारी म बा वि नर्मदापुरम, श्रम निरीक्षक सुश्री सरिता साहू, पुलिस विभाग से हेड कांस्टेबल राजेश जैन, समग्र सुरक्षा अधिकारी जयंत यादव, शिक्षा विभाग से प्राचार्य संदीप शुक्ला, सत्यार्थी फाउंडेशन से सचिन, पर्यवेक्षक लता नागराज, नगरपालिका से वार्ड प्रभारी मनोहर सराठे व राजेश दीवान व संबंधित क्षेत्र की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। ज्ञातव्य है कि संचालनालय महिला एवं बाल विकास के आदेशानुसार 11 अक्टूबर 2024 से 31 अक्टूबर 2024 तक बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के सफल संचालन हेतु ए डी एम डी के सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती बबिता राठौर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया द्वारा जिले के सभी विकासखंडों में बाल भिक्षावृती रोकथाम दलों की बैठक दिनांक 10/10/24 को लेकर विस्तृत निर्देश भी दिये गए थे। इसी तारतम्य में दिनांक 11/10/24 को सेठानी घाट पर बाल भिक्षावृती रोकथाम दल द्वारा जब सर्च अभियान चलाया गया, जिसमें ग्राम अमलनेर जिला जलगांव महाराष्ट्र निवासी दो परिवार अपने बच्चों के साथ घाट पर भिक्षावृत्ति करते पाए गए। परिवार को समझाइश देकर उनके गृह जिला भेजा गया।

# जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हरदा विजेता उप विजेता नर्मदा कॉलेज...



**नर्मदापुरम।** प्रधानमन्त्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में जिला स्तरीय बास्केटबॉल पुरूष प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमे हरदा एवं नर्मदापुरम जिले की टीमों ने सहभागिता की और अपने खेल का प्रदर्शन किया। अंत में पीएम श्री कालेज शासकीय महाविद्यालय हरदा की टीम विजयी रही एवं नर्मदा कॉलेज नर्मदापुरम उपविजेता रही। इसमे यश, हर्ष, सुमित, अंश,तनुज चौधरी,लोकेश शर्मा, आयुष सराठे,तनुज चौधरी, अनंत गुबरेले अन्य ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ अमिता जोशी ने विद्यार्थियों को और बेहतर खेल के लिए बधाई दी। डा बी एल राय, डा. रवि उपाध्याय, डा महेश मानकर, डा अनुराग पाठक, डा मुकेश बिष्ट , राहुल सराठे एवं अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# दो दिन तक चला देवी विसर्जन का दौर



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

नगर मे नवरात्रि के दिनों में आस्था ओर श्रद्धा का केंद्र रहा शीतला माता मंदिर में 191 कलश के साथ जवारे ओर प्रतिमा को शुक्रवार को शक्ति घाट पर विसर्जित किए इस अवसर पर शीतला माता मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई ।



हजारों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे माता शीतला के चल समारोह के साथ नाचते गाते निकले । दोपहर 3 बजे के बाद अचानक मौसम में हुए बदलाव और तेज बारिश भी भक्तों की आस्था और श्रद्धा को नहीं डिगा सकी तेज बारिश में ही माता जी का विसर्जन हुआ जो देर रात तक चलता रहा। दूसरे दिन शनिवार को भी देवी विसर्जन का दौर चलता रहा जिसमें नगर के देवी पंडालो से भक्तों द्वारा धूमधाम विसर्जन किया गया वहीं स्टेट बैंक कालोनी की नव ज्योति दुर्गा मंडल की देवी प्रतिमा को विसर्जन करने महिला पुरुष और बच्चों ने माता रानी को बिदाई दी।

**पानी लगने से रावण के पुतले का नहीं हुआ दहन:** सिवनी मालवा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रावण के पुतले का दहन को लकर आयोजक समिति ने लगभग पुरी तैयारी कर ली थी हाई स्कूल ग्राउंड में रावण के पुतले का दहन होना था लेकिन स्थिति बस उसे स्थगित कर उसे बस स्टैंड के पीछ हरदोल बाबा ग्राउंड में रावण दहन निर्धारित किया गया था लेकिन शुक्रवार के दिन हुई तेज बरिश के कारण रावण का पुतला अत्यधिक गिला हो गया जिसके कारण रावण दहन का कार्यक्रम को कैंसिल ही करना पड़ा।

# मौन रखकर दी रतन टाटा को श्रद्धांजलि



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

स्थानीय नेहरू पार्क में उपस्थित सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के सदस्यों ने औद्योगिक जगत के जनक रतन टाटा को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर संस्था के संरक्षक के एस राजपूत अरुण दीक्षित मोहम्मद अकरम खान के एन त्रिपाठी डॉ प्रदीप जैन ओम प्रकाश मालवीय लखन रघुवंशी बद्री प्रसाद कौरव डॉ मयंक तोमर ललित यादव रामेश्वर पटेल ओपी सैनी जय बाला निगमने रतन टाटा जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किए उनके परोपकार जीवन एवं सद्भावना देश के आर्थिक विकास में सहयोग गरीब पीड़ित व्यक्ति को सहयोग देना निश्चित ही हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं इस अवसर पर केके शर्मा रमेश सोनी सहित उपस्थित सदस्यों ने भाविनी श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया।

# दशहरा पर रायसेन में प्रभारी मंत्री पंवार तथा राज्यमंत्री पटेल ने विधायकों संग किया शस्त्र पूजन



**रायसेन।** दशहरा के पावन पर्व पर रायसेन स्थित पुलिस परेड ग्राउंड पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के प्रभारी मंत्री तथा मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास विभाग के राज्यमंत्री श्री नारायण सिंह पंवार तथा स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा शक्ति, साहस और विजय के प्रतीक के रूप में शस्त्रों का पूजन कर प्रदेश एवं देश में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई। साथ ही सभी को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं गईं। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री श्री पंवार ने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। यह पर्व हमें जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने और कर्तव्यों का ईमानदारी, निष्ठा से पालन करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि सभी को समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि विजयादशमी पर शस्त्र-पूजन का महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व है, जो हिंदू सनातन परंपरा से जुड़ा हुआ है।

**मेट्रो एंकर**

### महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के प्रति जन जागरुकता लाने के उद्देश्य

# महिला शक्ति अभिनंदन कार्यक्रम का हुआ समापन

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**




महिला सशक्तिकरण को जागरूक करने क लिए शक्ति अभिनंदन अभियान का आयोजन नवरात्रि में किया गया नौ दिन हुए इस कार्यक्रम के समापन दिवस पर महिलाओं को जागरूक करने के लिए थाना प्रभारी श्रीमती उषा मरावी महिला बाल विकास अधिकारी रेखा यदुवंशी ने बताया की भारत सरकार एव प्रदेश सरकार द्वारा महिला नेतृत्व आधारित विकास, महिला सशक्तिकरण महिला रक्षा जैसे मुद्दो पर केन्द्रित विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों का निरंतर क्रियान्वयन किया जा रहा है।

वहीं महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के प्रति जन जागरुकता लाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश में 02 अक्टूबर से 11अक्टूबर तक शक्ति अभिनंदन अभियान आयोजित किया गया। अभियान के तहत परियोजना सिवनी मालवा में कन्या पूजन से इस कार्यकर्म का शुभारंभ किया। विद्यालयों में महिला सुरक्षा पर पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन , महिला और बुजुर्गों का सम्मान, विकास में महिला भागीदारी पर परिचर्चा, सेफ्टी वॉक, एव शक्ति संवाद का अयोजन किया गया ओर उन्हें जागरूक किया गया।वही दुसरी ओर महिला बाल विकास विभाग परियोजना सिवनी मालवा के सेक्टर सतवासा के अंतर्गत चलने वाले शक्ति अभिनंदन अभियान का समापन ग्राम बघवाड़ा में भी किया गया। जिसमें ग्राम के मंदिर में कन्या पूजन एवं कन्या भोज करवाया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारो द्वारा बालिकाओं का उत्साह वर्धन किया वहीं पर आंगनवाड़ी केंद्र बघवाड़ा क्रमांक 1 पर समूह एवं ग्राम की महिलाओं के साथ शक्ति संवाद का आयोजन किया गया

जिसमें उन्हें बताया कि 2 से 11 अक्टूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त करना और उन्हें उनके अधिकारों की प्रति जागरूक करना था उन्हें बताया कि महिलाओं को शिक्षित स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर होना चाहिए ताकि की वे समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने में अपना योगदान दे और ऐसे ही हमें हमारी प्रत्येक बालिका को निडर एवं साहसी बनाना है इसके लिए सभी महिलाओं का सहयोग आवश्यक है कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक श्रीमती सुचित्रा राजावत, स्कूल शिक्षिका श्रीमती उर्मिला परत्ते,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सोनीका गोहिया, दुर्गा रघुवंशी, राखी लोवंशी आंगनबाड़ी सहायिका संगीता राधा बाई,सुनैना ग्राम की महिलाएं लीलावती लोवंशी रामबती लोवंशी,सगुन लोवंशी, प्रभा लोवंशी, सुषमा लोवंशी,धापू बाई, शोभा मालवीय, रंजिता गोंड, रंजाल लोवंशी, सुमंत्रा बाई सहित अन्य महिलाएं मौजूद थी।

## रामराज्य अभिषेक के साथ हुआ रामलीला का समापन



**सिरोंज।** ग्राम मुगलसराय बड़े भक्ति भाव के साथ रामलीला का आयोजन किया जा रहा था। प्रतिदिन रामायण जी के अलग-अलग प्रसंग पर कलाकारों के द्वारा स्वरूपों का मंचन किया गया अंतिम दिन रामराज्य अभिषेक की लीला के दृश्य दिखाए गए इसके बाद भगवान का राजा अभिषेक आरती की उपरांत प्रसादी का वितरण किया गया । पूर्व सरपंच वीरेंद्र पालीवाल के द्वारा बताया गया कि 10 दिनों से रामलीला का मंचन कलाकारों के द्वारा किए जा रहे थे भगवान के मनमोहक दृश्य देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि भगवान के साक्षात्कार दर्शन हो रहे हो ऐसा एहसास हो रहा था। प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्तों ने रामलीला देखने के लिए आ रहे थे। कलाकारों के द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। आखिरी दिन राज्याभिषेक के बाद रामलीला का समापन हुआ।

## समय तय नहीं होने से नाराज मां पिपलेश्वरी सेव समिति इस बार नहीं निकलेगी झांकी



**सिरोंज।** हिन्दू उत्सव समिति के द्वारा झांकियां के चल समारोह को लेकर समय का निर्धारण सही नहीं होने से नाराज होकर इस बार मां पिपलेश्वरी देवी सेवा समिति चल समारोह अपनी झांकी नहीं निकलेगी समिति के द्वारा लाक की झांकी बनाई जाती है । शानदार स्वरूप ही दिखाया जाता है। समिति के अध्यक्ष के के माली ने बताया गया कि हिंदू उत्सव समिति और पुरस्कार वितरण दाताओं द्वारा झांकी निकालने का समय निश्चित नहीं किया गया इसलिए हमने निर्णय लिया कि जब तक झांकियां रात्रि 1 बजे तक बाजार से नहीं निकलेंगे तब तक वह झांकी नहीं निकलेंगे हजारों रुपए खर्च करने के बाद भी लाइट डेकोरेशन और साज सजावट का आनंद जनता जनार्दन नहीं ले पाती दूसरे दिन 11 बजे तक झांकियां निकलती है इस वजह से यह निर्णय लिया है कि जब तक झांकियां रात्रि में नहीं निकलेगी तब तक हम अपनी झांकी चल समारोह में नहीं निकलेंगी अगर भविष्य में हिंदू उत्सव समिति और पुरस्कार वितरण करने वालों के द्वारा 1 बजे रात्रि तक बाजार में झांकियां बुलाते हैं तो वह झांकी निकलेंगे ।

## हवन एवं शस्त्र पूजा संपन्न



**सिरोंज।** स्थानीय श्री राम मंदिर अखाड़े में आज हवन एवं शस्त्र पूजा संपन्न हुई। डॉक्टर पी.के. विश्वास ने हवन पूजा आदि संपन्न कर अखाड़े के उस्ताद रामकिशन पहलवान के निधन पर शोक व्यक्त किया है और बताया कि श्री रामकिशन जी अपने जीवन काल में ही पप्पू यादव पहलवान पर उस्तादी की पगड़ी रख गए थे अब पप्पू यादव अखाड़े की उस्तादी संभालेंगे। इस अवसर पर अशोक यादव ने कहा कि स्वास्थ्य जीवन का सबसे अमूल्य पहलू है अतः हमें हमारे बच्चों को अखाड़े में आकर वर्जिश करने हेतु प्रेरित करना चाहिए,कपिल त्यागी ने श्री राम किशन पहलवान की स्मृति में बड़ा दंगल करने का प्रस्ताव रखा, पंडित भारतदीप मेहता ने कहा कि सत्य सनातन धर्म ही सबसे पुराना है और सनातन धर्म की रक्षा के लिए हमें एक होकर रहना चाहिए और शरीर को बलवान बनाना चाहिए। इस अवसर पर अवध शर्मा, रजत गौड़,घनश्याम शरण त्यागी, संतोष रघुवंशी, रोहिताश्व शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### जिला शिक्षा समन्वयक द्वारा उड़ाई जा रहीं कलेक्टर के आदेश की धज्जियां?

# सरकारी नियमों को ताक पर रख कर संचालित किए जा रहे हैं निजी स्कूल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

प्राइवेट स्कूलों की मनमानी को लेकर राज्य सरकार ने लगाम लगाने की कोशिश की है। सभी कलेक्टरों को आदेश दिए गए की जिले में संचालित प्राइवेट स्कूलों की टीम गठित कर जांच की जाए। लगातार प्राइवेट स्कूलों में मनमानी की खबरें आ रही थी। इसी को लेकर प्रदेश सरकार के द्वारा सख्ती बरती जा रही है। मध्य प्रदेश सरकार काफी समय से विशेष अभियान चलाकर निजी स्कूलों मैं अनियमितताओं की जांच करा रही है। लटेरी के कुछ प्राइवेट स्कूल सरकारी नियमों को ताक पर रख कर संचालित किए जा रहे है। इन स्कूलों की कलेक्टर द्वारा गठित दल द्वारा जांच कर मान्यता समाप्त करने का प्रतिवेदन भेजा गया था।

कलेक्टर के आदेश व एसडीएम के जांच प्रतिवेदन के बाद भी लटेरी के शिक्षा माफियाओं पर नहीं हुई कोई कार्यवाही जांच दल के प्रतिवेदन के बाद भी डीपीसी ने बनाई जांच समिति - नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कई प्राइवेट स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। इन प्राइवेट स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से पालकों से सुविधाओं के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है। स्कूलों में सुविधाओं के नाम पर पालक अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। विदिशा जिला कलेक्टर के आदेश पर गठित दल द्वारा एसडीएम के नेतृत्व में प्राइवेट स्कूलों की जांच की गई जांच में एक के बाद एक सारी कमियां उजागर होकर सामने आ गई। एसडीएम ने विधिवत जांच कर प्रतिवेदन जिला शिक्षा समन्वय अधिकारी को भेजा गया है। लेकिन जिला शिक्षा समन्वयक आर पी लखेर द्वारा कार्यवाही करने के बजाय नए सिरे से जांच कराने के लिए जांच कमेटी बना दी है। कलेक्टर द्वारा गठित जांच टीम एसडीएम के नेतृत्व में बीईओ और बीआरसी को लेकर बनाई गई थी। लेकिन डीपीसी द्वारा एसडीएम को हटाकर । बीईओ के नेतृत्व में फिर वो ही बीईओ और बीआरसी को लेकर जांच टीम बनाई गई है। इस जांच टीम के गठन से मन में सवाल उठ रहे कि कलेक्टर द्वारा कराई गई जांच से डीपीसी संतुष्ट नहीं है। डीपीसी इतने बेपरवाह हो गए हैं कि उनके द्वारा कलेक्टर के आदेश की अवहेलना की जा रही है। डीपीसी की प्राइवेट स्कूल वालों के साथ कुछ अलग ही खिचड़ी पक रही है। अगर डीपीसी द्वारा जांच टीम बनाई गई थी तो जांच टीम में एसडीएम को क्यों नहीं रखा गया। इन सब सवालों को लेकर डीपीसी की कार्य प्रणाली संदेह के घेरे में है। इससे यह सिद्ध होता है कि लटेरी के शिक्षा माफिया की पकड़ इतनी मजबूत है, कि जिला शिक्षा समन्वयक कलेक्टर के आदेश की अवहेलना करने से भी नहीं चूक रहे हैं।




**प्राइवेट स्कूलों की जांच में पाई कमियों के बाद इन स्कूलों की मान्यता समाप्ति के लिए भेजा गया था प्रतिवेदन :** इन स्कूलों की मान्यता समाप्ति के लिए भेजा गया था प्रतिवेदन सुभाष विद्या मंदिर स्कूल लटेरी, लिटिल हेवन कान्वेंट स्कूल लटेरी, कृष्णा कॉन्वेंट स्कूल लटेरी, इन स्कूलों की जांच में काफी कमियां पाई गई थी। शहरी इलाकों में प्राइवेट स्कूल संचालित करने के लिए कम से कम 3 हजार वर्ग मीटर जमीन होनी चाहिए जांच में किसी भी स्कूल का एरिया इतना नहीं पाया गया। स्कूलों के भवन मानकों के मुताबिक नही बने पाए गए। स्कूल में अच्छी लाइब्रेरी और पुस्तकालय होना चाहिए लेकिन इन स्कूलों में लाइब्रेरी और पुस्तकालय नही पाए गए स्कूल के पास खेल का मैदान होना चाहिए लेकिन इन स्कूलों में खेल मैदान भी नहीं है। स्कूल में स्वच्छ पेयजल और शौचालय की सुविधा भी नही पाई गई। स्कूलों में लोकल शिक्षकों द्वारा पढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। जांच में इनकी कोई खास योग्यता नहीं पाई गई। स्कूलों में सुरक्षा मानकों का पालन नही किया जा रहा है। स्कूल में हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन वाईफाई भी नहीं पाए गए। पाठयपुस्तक फीस स्ट्रक्चर की कमियों के आधार पर इन स्कूलों की मान्यता समाप्ति का प्रतिवेदन एसडीएम द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को भेजा गया था।

**इन नियमों का भी नहीं हो रहा पालन :** प्राइवेट स्कूलों के वाहनों के लिए सरकार ने विभिन्न प्रकार के नियम बनाए है जिससे स्कूल वाहनों की होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके और स्कूल जाने वाले बच्चे सुरक्षित आ जा सके स्कूल वाहनों के ड्राइवर के पास पांच वर्ष के अनुभव के साथ वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए, चालक व परिचालक की नेम प्लेट लाइसेंस नंबर के साथ उनको वर्दी में रहना चाहिए वाहनों का




रजिस्ट्रेशन व फिटनेस प्रमाण पत्र रूट परमिट की अनुमति मापदंड के अनुसार बसों का रंग पीला इंश्योरेंस पॉल्यूशन प्रमाण पत्र स्पीड गवर्नर व जीपीएस लगा हो अग्निशमन यंत्र लगा हो व बसों के आगे व पीछे रिफलेक्टर व रिफलेक्टिव टेप लगी हुई हो वाइपर चालू हों फस्ट एड बॉक्स लगा हो वाहनों पर रूट बोर्ड तथा समय सारणी डिसप्ले हो नंबर प्लेट निर्धारित मापदंड अनुसार लगी हो बस के आगे व पीछे स्पष्ट अक्षरों में ऑन स्कूल ड्यूटी लिखा हुआ हो पुलिस चाईल्ड हेल्पलाइन नंबर कंट्रोल रूम नंबर वाहन मालिक का नंबर लिखा हो आईपी कैमरा लगा हो लेकिन प्राइवेट स्कूलों द्वारा इनमे से अधिकतर नियमों का पालन नही किया जाता हैं।

**नगर लटेरी में दर्जनों प्राइवेट स्कूल संचालित :** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कई प्राइवेट स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। इन प्राइवेट स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से पालकों से सुविधाओं के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है। इन स्कूलों में सुविधाओं के नाम पर पालक अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। विदिशा जिला कलेक्टर के आदेश परिपालन में जब लटेरी एसडीएम द्वारा इन स्कूलों की जांच की गई तो एक के बाद एक ढेर सारी कमियां उजागर सामने होकर आ गई। एसडीएम ने विधिवत जांच कर प्रतिवेदन जिला शिक्षा समन्वय अधिकारी को भेजा गया है। प्रतिवेदन को भेजे हुए दो माह से अधिक का समय बीत गया है लेकिन जिले में बैठे अधिकारियों ने अभी तक एसडीएम के प्रतिवेदन पर कार्यवाही नहीं की गई है। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि शिक्षा माफिया की पकड़ इतनी मजबूत है कि एसडीएम का प्रतिवेदन मात्र एक कागज का टुकड़ा बनकर रह गया है। सुभाष विद्या मंदिर स्कूल लटेरीए लिटिल हेवन कान्वेंट स्कूल लटेरी, कृष्णा कॉन्वेंट स्कूल लटेरी, इन स्कूलों की जांच में निम्न कमियां पाई गई थी। शहरी इलाकों में प्राइवेट स्कूल संचालित करने के लिए कम से कम 3, 000 वर्ग मीटर जमीन होनी चाहिए जांच में किसी भी स्कूल का एरिया इतना नहीं पाया गया।

### स्कूली वाहनों के नियमों का नहीं किया जाता पालन

प्राइवेट स्कूलों के वाहनों के लिए सरकार ने विभिन्न प्रकार के नियम बनाए है जिससे स्कूल वाहनों की होने बाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके और स्कूल जाने वालों वाले बच्चे सुरक्षित आ जा सके। स्कूल वाहनों के ड्राइवर के पास पांच वर्ष के अनुभव के साथ वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए, चालक व परिचालक की नेम प्लेट लाइसेंस नंबर के साथ उनको वर्दी में रहना चाहिए, वाहनों का रजिस्ट्रेशन व फिटनेस प्रमाण पत्र रूट परमिट की अनुमति मापदंड के अनुसार बसों का रंग पीला इंश्योरेंस पॉल्यूशन प्रमाण पत्र स्पीड गवर्नर व जीपीएस लगा हो अग्निशमन यंत्र लगा हो, वाहनों के हॉर्न चालू हालत में हों टायर की हालत अच्छी हो ब्रेक व आपातकालीन ब्रेक सही हालत में हों इंडीकेटर चालू हों हेड व बैक लाइट चालू हों बसों के आगे व पीछे रिफ्लेक्टर व रिफ्लेक्टिव टेप लगी हुई हो वाइपर चालू हों फस्ट एड बॉक्स लगा हो वाहनों पर रूट बोर्ड तथा समय सारणी डिसप्ले हो नंबर प्लेट निर्धारित मापदंड अनुसार लगी हो बस के आगे व पीछे स्पष्ट अक्षरों में ऑन स्कूल ड्यूटी लिखा हुआ हो पुलिस चाईल्ड हेल्पलाइन नंबर कंट्रोल रूम नंबर वाहन मालिक का नंबर लिखा हो आईपी कैमरा लगा हो साथ ही छात्राओं के लिए बस में महिला अटेंडर उपलब्ध होना चाहिए। लेकिन प्राइवेट स्कूलों द्वारा इनमे से अधिकतर नियमों का पालन नही किया जाता हैं

### इनका कहना है

*हमारे द्वारा संबंधित शालाओं को मान्यता समाप्त करने का नोटिस दिया गया है, उनके द्वारा जवाब दिया गया कि स्कूल की कमियों को सही कर लिया गया है। क्रॉस चेक करने और भौतिक सत्यापन के लिए हमारे द्वारा तीन लोगों की कमेटी बनाई गई है, हमारे ऑफिस के लटेरी बीईओ और बीआसी मौके पर जाकर जवाब का सत्यापन करेंगे, अगर इनका जवाब सही या गलत जो भी पाया जाएगा, इसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।*

**आरपी लखेर, जिला शिक्षा समन्वयक विदिशा**

## पुलिस की हिरासत में एसिड पीने वाले की हालत सुधारी




**सिरोंज।** एक दिन पहले पुलिस प्रशासन ने चोरी के आरोप मोहित त्यागी निवासी नई बस्ती को गिरफ्तार किया था इसी दौरान उसने पुलिस की टॉयलेट में पहुंचकर हार्पिक की बोतल से एसिड पी लिया हालत खराब होने पर तत्काल उसको नगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर हालात को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर उसको भोपाल देकर कर दिया इसके बाद थाना प्रभारी संदीप सिंह पंवार खुद इलाज के लिए उसको भोपाल के गैस्ट्रो के अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां पर उसको भर्ती कराया गया उसकी हालत अभी ठीक बताई जा रही है। उसके पिता सुरेश त्यागी ने बताया कि अब उसकी हालत ठीक है जल्दी वह ठीक हो जाएगा ऐसी बात डॉक्टर के द्वारा कही जा रही है एसिड आदि पीने के बाद डॉक्टर ने कही है दूसरी ओर थाना प्रभारी संदीप सिंह पंवार ने बताया कि टॉयलेट में रखें एसिड को लैट्रिन करने के दौरान चोरी के आरोपी ने पी लिया था अब उसकी हालत ठीक है। दूसरी ओर एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी ने बताया कि उसकी हालत अब ठीक है यदि किसी की भी लापरवाही सामने आएगी तो उस पर हम कार्रवाई भी करेंगे।

## विधायक द्वय तथा कलेक्टर व एसपी ने सहभागिता निभाई





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विदिशा प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी स्वतंत्र राज्य मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने आज विदिशा पुलिस लाइन में दशहरा पर्व पर आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर विधि-विधान से पूजन-अर्चना की है। इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे, शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि गण, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी - कर्मचारीगण, मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

पुलिस लाइन में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में पुलिस द्वारा उपयोग किए जाने वाले सभी प्रकार के शस्त्रों को रखा गया था। जिसमें विशेष तौर पर पहली बार साइबर अपराधों के नियंत्रण व धरपकड़ में उपयोग किए जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स विंग को भी रखा गया था।

**हवनः** प्रभारी मंत्री श्री पटेल, विधायक द्वय, कलेक्टर व एसपी सहित अन्य के द्वारा हवन में शामिल होकर आहुतियां दी हैं। इसके पश्चात बलि के प्रतीक स्वरूप तलवार से रखिया को एक ही वार में काटा। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने पुलिस लाइन में वाहनों की भी पूजा की तथा महिलाओं को त्वरित मदद के लिए जारी टोल फ्री नम्बरों के साइन तख्ती का विमोचन किया। गौरतलब हो कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु किए जा रहे प्रबंधों को रेखांकित किया गया था।

शस्त्र पूजन कार्यक्रम में विदिशा नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति, संदीप डोंगर सिंह, राकेश शर्मा कैलाश रघुवंशी, एसडीएम, तहसीलदार, के अलावा पुलिस सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी और मीडिया बंधु मौजूद रहे।

**मेट्रो एंकर**

### हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में दशहरा मैदान पर हुआ आयोजन

# रावण दहन कर किया गया भगवान राम का राज्याभिषेक





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर का पारंपरिक दशहरा उत्सव तालाब ग्राउंड में भव्यता के साथ आयोजित हुआ। हिंदू उत्सव समिति एवं नगरपालिका परिषद के तत्वाधान में आयोजित इस महोत्सव में रावण दहन तथा राघौगढ़ की प्रसिद्ध आतिशबाजी का नजारा देखने के लिए हजारों की संख्या में माता बहिनें,पुरुष एवं बच्चो की भीड़ दशहरा मैदान में उमड़ी।

इस अवसर पर मंचासीन अतिथिगणों ने असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक रावण दहन की शुभकामनाएं क्षेत्र वासियों को प्रेषित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति के संरक्षक सत्यनारायण शर्मा ने कहा की सनातन हिंदू समाज के कल्याण के लिए हमारा जीवन दीपक जैसा होना चाहिए जो स्वयं जलाकर भी दूसरो को रोशनी प्रदान करता है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने आज ही के दिन आतातायी के पर्याय, माता सीता का हरण करने वाले लंकापति रावण का वध करके अहंकार का नाश किया। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष ओम सोनी ने नागरिकों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए इस आयोजन को स्थापित कर भव्यता देने वाले पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा को याद करते हुए कहा की एक छोटे से स्वरूप से इस गौरवमयी भव्य समारोह तक पहुंचाने में उनको सदैव याद किया जाएगा। रमेश यादव ने कहा की विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में इस बार इस आयोजन को एक दिवसीय मेले का स्वरूप प्रदान किया जाकर बहुत भव्यता देने का काम आयोजन समिति ने किया है। बुराई के प्रतीक रावण को हम हर साल मारते हैं परंतु वास्तव में हमें अपने अंदर बैठे रावण का अंत करना हैं सहिष्णुता,भाईचारे के साथ समाज नीतिवान बने ऐसे प्रयास प्रत्येक नागरिक को करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन हिंदू उत्सव समिति के सचिव सुमंत मित्तल एवं विष्णु गर्ग एवं आभार नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू ने व्यक्त किया। इस अवसर पर मंच पर नपा उपाध्यक्ष मनोज शर्मा,वरिष्ठ समाजसेवी हरीबाबू भार्गव, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव,एसडीएम हर्षल चौधरी,एसडीओपी उमेश तिवारी पार्षद हरिचरण अहिरवार,सचिन शर्मा,तोषमणि पंथी,जयनारायण सेन,बलजीत यादव, शरद चौरसिया तथा हिन्दू उत्सव समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### रोशनी से जगमग नजर आया दशहरा मैदान - जमकर हुई आतिशबाजी

इस बार का रावण दहन कार्यक्रम हमेशा के तरह होने वाले आयोजन से कुछ अलग नजर आया। इस बार दशहरा मैदान को विस्तृत रूप प्रदान करते हुए आकर्षक रूप से सजाने और आयोजन को देखने आने वाले नागरिकों को पर्याप्त रूप से बैठाने के साथ एक दिवसीय मेले के रूप में मानने के निर्देश विधायक उमाकांत शर्मा ने प्रदान किए थे। इस बार आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ दशहरा स्थल पर खान पान के स्टाल भी लगाए गए थे जिनका नागरिकों ने जमकर आनंद लिया। प्रशासन द्वारा मैदान को दो भागों में बांटा गया था तथा सुरक्षा के लिहाज से रावण दहन वाले स्थान पर आम नागरिकों का जाना प्रतिबंधित किया गया था। इस मौके पर पूरे दशहरा मैदान को आकर्षक विद्युत रोशनी से सजाया गया था। इस अवसर पर आकर्षक रंग बिरंगी आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया।

### भगवान राम का हुआ राज्याभिषेक

दशहरा मैदान में वनवासी वेश धारण किए भगवान राम लक्ष्मण द्वारा रावण, कुंभकर्ण एवं मेघनाथ के पुतलों का दहन करने के उपरांत मंच पर लाया गया तथा माता सीता एवं वानर सेना के साथ अतिथियो एवं उपस्थित नागरिकों द्वारा भगवान राम का राज्याभिषेक कर आरती उतारी गई। इसके पूर्व उनको राजसी वस्त्र आभूषण पहनाकर राजसी रूप प्रदान किया गया।

# अब बदल रहा शॉपिंग पैटर्न

ऑनलाइन शॉपिंग में वह मजा कहां, जो पूरे परिवार के साथ ऑफलाइन शॉपिंग में है। त्योहारी सीजन में गपशप करते हुए शॉपिंग का अपना मजा है। इससे तनाव भी कम होता है। बहुत से लोग खुशी और आनंद के लिए ऑफलाइन शॉपिंग करना पसंद करते हैं। ऑफलाइन शॉपिंग में आपने जो पसंद किया, उसे खरीद लाए। इससे संतुष्टि मिलती है, क्योंकि पसंद के सामान भरा बैग आपके हाथ में होता है। वहीं ऑनलाइन शॉपिंग में यह लगा रहता है कि पता नहीं जैसा दिख रहा था, वैसा होगा या नहीं। क्वालिटी का पता तभी चल पाता है, जब प्रोडक्ट आपके हाथ में होता है।

## ऑनलाइन नहीं ऑफलाइन खरीदारी में आ रहा मजा

*ऑफलाइन में प्रोडक्ट रिटर्न करना आसान है। एक्सचेंज अपने हिसाब से कर पाते हैं। ऑनलाइन में सामान वापसी में झंझट होता है। कुछ प्रोडक्ट जो बेहद पसंद आ जाते हैं, उनमें नो रिटर्न पॉलिसी होती है। ऐसे में समझ नहीं आता लें या न लें। ऑफलाइन शॉपिंग उनके लिए अच्छी है, जो इंटरनेट फ्रेंडली नहीं होते। ऑनलाइन शॉपिंग में बेहद सावधानी रखनी होती है।*

### कहीं नकली सामान न आ जाए



एक रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि बड़े पैमाने पर नकली सामान ऑनलाइन प्लेटफॉर्स पर बिक रहे हैं। इसमें टेक्सटाइल, गारमेंट सेक्टर और पर्सनल केयर में करोड़ों रुपए का अवैध बाजार है।

### ऑनलाइन शॉपिंग में बरतनी चाहिए ज्यादा सावधानी

वहीं जो लोग हाइब्रिड यानी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से ारीदारी करेंगे, वे यह ध्यान रखें कि ऑनलाइन खरीदारी में ठगे जाने की आशंका बनी रहती है। इतना ही नहीं कई बार हिडन चार्जेस लग जाते हैं। इसलिए जब भी ऑनलाइन शॉपिंग करें, कुछ बातों का ध्यान रखें। जैसे कि विश्वसनीय ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से ही खरीदें। प्रोडक्ट का रिव्यू जरूर पढ़ें। इसके अलावा पेमेंट करते समय ध्यान रखें जेन्युइन मर्चेंट है या नहीं। एक और जरूरी बात यह कि ऑनलाइन शॉपिंग के लिए ऐसे अकाउंट का इस्तेमाल करें, जिसमें ज्यादा पैसे न हों। जरूरत भर का पैसा ही रखें।




### शहरी भारतीय करेंगे ऑफलाइन खरीदारी

इस फेस्टिव सीजन में छोटे-बड़े शहरों के बहुत से लोग ऑफलाइन खरीदारी को प्राथमिकता दे रहे हैं। लोकल सर्किल्स के एक सर्वे में यह सामने आया है। सर्वे के मुताबिक इस त्योहारी सीजन 70 फीसदी शहरी भारतीय ऑफलाइन खरीदारी करने की तैयारी में हैं। सर्वे में देश भर के 342 जिले शामिल किए गए।

---

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में आज भारत का ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला

# सेमीफाइनल के लिए इंडिया की जीत जरूरी

**नईदिल्ली. एजेंसी**

भारतीय महिला टीम को विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के सेमीफाइनल की रेस में बने रहने के लिए यह मुकाबला हर हाल में जीतना होगा। टीम अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में रविवार, 13 अक्टूबर को मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। ऑस्ट्रेलिया मौजूदा चैंपियन होने के साथ-साथ टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है। टीम ने 6 बार टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता है।

ऑस्ट्रेलिया विमेंस टी-20 क्रिकेट और वर्ल्ड कप दोनों में भारत पर हावी रहा है। टी-20 वर्ल्ड कप में दोनों के बीच 6 मैच खेले गए हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने 4 और भारत ने 2 जीते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने जो 4 मैच जीते हैं, इसमें 3 नॉकआउट (2010 सेमीफाइनल, 2020 फाइनल और 2023 सेमीफाइनल) मुकाबले शामिल हैं। ऐसे में भारतीय टीम को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल में एंट्री करेंगी विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। 5-5 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया है। भारतीय टीम ग्रुप-ए में है।



### यदि भारत हारा तो न्यूजीलैंड-पाकिस्तान के मैच पर रहना होगा निर्भर

भारत को जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के नेट रन रेट को क्रॉस करना होगा। इसके लिए टीम इंडिया को बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। अगर ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में भारत को हराया तो फिर दिक्कत बढ़ जाएगी। ऐसी स्थिति में भारत को न्यूजीलैंड-पाकिस्तान के मैच पर निर्भर रहना होगा। श्रीलंकाई टीम पहले ही टॉप-4 की रेस से बाहर हो चुकी है। भारत पर हावी ऑस्ट्रेलिया ऑस्ट्रेलिया विमेंस टीम टी-20 क्रिकेट में भारत पर हावी रही है। दोनों के बीच 2009 से अब तक 34 मैच खेले गए हैं। इसमें भारत को 7 और ऑस्ट्रेलिया को 25 मैचों में जीत मिली, जबकि 1 मैच बेनतीजा और 1 टाई रहा।

## नेशंस लीग फुटबॉल: स्लोवेनिया को 3-0 से दी शिकस्त, अर्लिंग हॉलैंड ने दागे दो गोल

**लंदन. एजेंसी**

यूनान ने इंग्लैंड को उसके घरेलू मैदान वेम्बले स्टेडियम में 2-1 से हरा कर नेशंस लीग के ग्रुप-2 में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही यूनान की टीम नौ अंकों के साथ शीर्ष पर काबिज हो गई है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। यूनान की ओर से वांगेलिस पावलिडिस ने 49वें और स्टॉपेज टाइम में गोल किए, वहीं इंग्लैंड की ओर से एकमात्र गोल जूड बेलिंघम ने 87वें मिनट में दागा। वहीं फ्रांसीसी टीम ने इजरायल को 4-1 से शिकस्त दी। इजरायल और गाजा में जारी युद्ध के कारण यह मैच हंगरी के बुडापेस्ट में खेला गया।

## राष्ट्रीय शतरंज: नंदीधा और सरन्या ने संयुक्त बढ़त बनाई

**तमिलनाडु. एजेंसी**

पीवी नंदीधा और जे. सरन्या ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां खेले जा रही 50वीं राष्ट्रीय महिला शतरंज चैंपियनशिप में आठ-आठ अंकों के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली। 10वें दौर में नंदीधा और सरन्या के बीच बाजी 52 चालों के बाद ड्रॉ रही। वहीं, 7.5 अंकों के साथ नौ खिलाड़ी टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर चल रही हैं।

# टीम इंडिया का 'गंभीर' फार्मूला



**आलोक गोस्वामी**
खेल विश्लेषक

टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश का सूपड़ा साफ करने के बाद टीम इंडिया की यंग सेना ने टी20 में भी सफाया कर दिया है।पाकिस्तान को उसकी सरजमीं पर पटखनी देने के बाद भारतीय टीम को चुनौती देने आयी मेहमान टीम के इरादों को गंभीर की सेना ने पूरी तरह चकनाचूर कर दिया। टीम इंडिया अब टेस्ट फॉर्मेट में वापस लौटेगी,जहॉं उसका मुकाबला उस न्यूजीलैंड टीम से होना है, जो हाल ही में श्रीलंका से मुंह की खा कर आ रही है। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया 16 अक्टूबर से 3 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी।बीते दिनों बीसीसीआई ने इस सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है,जिसमें बांग्लादेश को टेस्ट सीरीज में 2-0 से बुरी तरह से रौंदने वाली टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी जस के तस हैं। दरअसल टीम इंडिया का मकसद अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में पहले नंबर पर मजबूती बनाए रखना है।इस सीरीज में जहां बुमराह को बतौर उपकप्तान एक बार फिर बड़ी जिम्मेदारी मिल गई है। वहीं टीम के रिजर्व स्क्वाड में कुछ युवा खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। इसमें हर्षित राणा, तेज गेंदबाज मयंक यादव, नितीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा शामिल हैं। मतलब साफ है कि चयनकर्ताओं की नजरें ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी के मद्देनजर इन खिलाड़ियों पर भी टिकी हुई हैं।अब अगर हम मौजूदा सीरीज (बांग्लादेश और न्यूजीलैंड) में उतरने वाली टीम इंडिया के खिलाड़ियों के चयन पर गौर करें तो फिर सबसे बड़ी बात यह निकलकर आ रही है कि इन दोनों ही फॉर्मेट की टीम इंडिया पूरी तरह बदली हुई है। खिलाड़ी चाहे युवा हो या फिर तजुर्बेकार ही क्यों न हो, किसी भी खिलाड़ी को दोनों फॉर्मेट के तराजू पर नहीं तौला गया है। हाल फिलहाल में मतलब एकदम साफ है कि टीम इंडिया के नए हेड कोच गंभीर का फार्मूला अलग फॉर्मेट पर अलग खिलाड़ियों के साथ दांव खेलना हो सकता है।भले ही क्रिकेट के सबसे छोटे व सबसे बड़े फॉर्मेट में अलग अलग टीमों को आजमाया जा रहा है, लेकिन वनडे मैचों में हेड कोच का नजरिया क्या रहेगा यह देखना अभी बाकी है।वजह साफ है कि टीम इंडिया को वनडे सीरीज में देखने के लिए इस साल कोई मौका नहीं मिलना है। दरअसल न्यूजीलैंड के साथ होने वाली 3 मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद 4 मैचों की टी20 सीरीज खेलने साउथ अफ्रीका जाना है।वहीं उसके बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे में भी कोई वनडे नहीं खेल जायेगा। चैंपियंस ट्रॉफी के पहले इंग्लैंड के साथ ही टीम इंडिया को घरेलू वनडे सीरीज खेलना है।ऐसे में गंभीर के वनडे फॉर्मूले का अनुमान हाल फिलहाल में लगाना आसान नहीं है। न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरने वाले टीम इंडिया और उसके युवा रिजर्व खिलाड़ियों के तालमेल से ही ऑस्ट्रेलिया दौरे की टीम इंडिया का चयन होना तय माना जा सकता है।वैसे सोमवार से बीसीसीआई के घरेलू रणजी सत्र का आगाज भी हो गया है,लेकिन यह देखना दिलचस्प रहेगा कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के चयन में घरेलू मैचों के प्रदर्शन के मायने क्या रहते हैं। खैर इन सभी सवालों के जवाब आने वाले समय के साथ मिलना तय है,लेकिन गौतम गंभीर के हेड कोच बनने के बाद एक बात तो साफ नजर आ रही है कि अब वह समय वाकई दूर नहीं जब अलग अलग फॉर्मेट की टीम इंडिया के खिलाड़ी भी अलग ही नजर आयेंगे।अब देखना यह है कि टीम इंडिया का गंभीर÷फार्मूला÷घरेलू जमीन पर धमाल करने के बाद विदेशी सरजमीं पर कितना कारगर साबित होता है।



---

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**


## मल्लिका शेरावत बोलीं- मेरे पैदा होने पर मां डिप्रेशन में चली गई थीं

बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' को लेकर चर्चा में चल रही है। फैंस मल्लिका को एक बार फिर स्क्रीन पर देखकर उत्साहित हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में, अपनी निजी जिंदगी को लेकर कुछ दिलचस्प खुलासे किए हैं। अभिनेत्री ने बताया कि उनके पैदा होने के बाद परिवार वाले खुश नहीं थे, क्योंकि उस वक्त हरियाणा का समाज ऐसा था कि लोगों को बेटी नहीं चाहिए होती थी। एक साक्षात्कार में उन्होंने बताया, मुझे किसी का समर्थन नहीं मिला। न तो मेरी मां और न ही मेरे पिता ने मेरा साथ दिया। मेरे परिवार ने मेरा साथ नहीं दिया, लेकिन इसमें मेरी मां का कोई कसूर नहीं था। मल्लिका ने आगे कहा, मेरी मां उस समय 17-18 साल की रही होंगी। आप खुद सोचिए कि उनके लिए कितना मुश्किल रहा होगा कि पहले शादी करो फिर मां बनो और फिर लड़की हो जाए और लोग बधाई देने की जगह आपको दस बातें सुना रहे हो। मेरी नानी कहती थीं कि लड़का हो जाए तो जड़ जमीन में चली जाती है। तो मेरी मम्मी की जड़ तो नहीं गई जमीन में क्योंकि उन्हें एक लड़की हो गई।



## अनुपम खेर की 'विजय 69' की रिलीज डेट से उठा पर्दा, फिल्म का मोशन पोस्टर जारी

अनुपम खेर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'विजय 69' की रिलीज डेट आखिरकार सामने आ गई है। नेटफ्लिक्स और वाईआरएफ एंटरटेनमेंट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया है। इस घोषणा ने इंटरनेट पर हलचल मचाना शुरू कर दिया है और प्रशंसकों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है। नेटफ्लिक्स और वाईआरएफ एंटरटेनमेंट ने अपने इंस्टाग्राम पर विजय 69 का मोशन पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में अनुपम खेर साइकिल चलाते हुए नजर आ रहे हैं। शर्ट और साइकलिंग शॉर्ट्स पहने अभिनेता साइकिल चलाते हुए सीधे कैमरे की तरफ देख रहे हैं। पोस्टर के साथ निर्माताओं ने इसकी रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठाया है। यह फिल्म 8 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। पोस्टर शेयर करते हुए निर्माताओं ने लिखा, जिंदगी एक रेस नहीं है। यह एक ट्रायथलॉन है। 'विजय 69' 8 नवंबर को रिलीज हो रही है सिर्फ नेटफ्लिक्स पर। फिल्म की कहानी की बात करें तो विजय 69 एक 69 वर्षीय व्यक्ति की कहानी है, जो अपनी उम्र की सीमाओं के बावजूद ट्रायथलॉन के लिए प्रशिक्षण लेना शुरू करता है।



## दीपिका बोलीं- मेरी भाषा और एक्टिंग का उड़ाया था मजाक



*दीपिका पादुकोण ने फिल्म ओम शांति ओम से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। ये फिल्म सुपरहिट हुई थी। लेकिन इसके बावजूद भी उन्हें काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। हाल ही में एक चैट शो के दौरान दीपिका ने बताया कि जब उनकी पहली फिल्म रिलीज हुई तो उनके एक्सेंट और एक्टिंग का मजाक उड़ाया गया था। हालांकि, उन्होंने उन नेगेटिविटी से काफी कुछ सीखा और खुद को निखारा। लाइव लव लाफ लेक्चर सीरीज में, दीपिका पादुकोण ने अपनी पहली फिल्म को लेकर बात की। इस दौरान दीपिका ने कहा, 'जब मेरी पहली फिल्म ओम शांति ओम रिलीज हुई थी। उस समय मुझे काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। लोगों ने मेरे एक्सेंट से लेकर मेरी एक्टिंग तक का मजाक उड़ाया था।' दीपिका ने कहा, 'नेगेटिविटी कभी-कभी एक अच्छा एक्सपीरियंस होता है...*

यह आप पर निर्भर करता है कि आप उन आलोचनाओं का कैसे सामना करते हैं। जैसे उन सभी बेकार रिव्यू ने मुझे और भी ज्यादा प्रेरित किया। मुझे कड़ी मेहनत करने और खुद को निखारने के लिए मोटिवेट किया। असफलता ने भी मुझे बहुत कुछ सिखाया।' फराह खान ने भी एक इंटरव्यू के दौरान कहा था, दीपिका पादुकोण की आवाज पहले बहुत खराब थी। ये जवानी है दीवानी के वक्त वो ठीक से बोल नहीं पाती थीं, लेकिन जब दीपिका गाना गाती थीं, तब उनका चेहरा चमक उठता था।' बता दें, ओम शांति ओम फिल्म के लिए दीपिका को बेस्ट फीमेल डेब्यू फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था। वहीं, उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का नॉमिनेशन भी मिला था।

## गायन में भी करियर बनाने वाली हैं आलिया!

आलिया भट्ट की हालिया रिलीज फिल्म 'जिगरा'को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। इस बीच आलिया, करीना कपूर के शो व्हाट वूमेन वांट पर नजर आईं, जहां करीना ने उनसे उनके गायिकी को लेकर दिलचस्प सवाल पूछे हैं। आलिया भट्ट इन दिनों अपनी फिल्म जिगरा को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में वह वेदांग रैना के साथ नजर आ रही हैं, जो भाई और बहन के भावनात्मक रिश्ते पर आधारित फिल्म है। आलिया अपने अभिनय के अलावा अपनी गायिकी का प्रदर्शन भी किया है। उन्होंने अपनी फिल्म हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया में समझावां गाना गाकर अपनी संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। इसके बाद उन्होंने उड़ता पंजाब के लिए दिलजीत दोसांझ के साथ गाना इक कुड़ी भी गाया। इस बीच उनकी गायिकी को लेकर करीना कपूर खान ने आलिया से एक दिलचस्प सवाल पूछा है।

### करीना के शो 'व्हाट वूमेन वांट' में नजर आईं आलिया

आलिया ने भले ही कुछ अच्छे गाने गाए हैं, लेकिन करीना कपूर उनकी संगीत प्रतिभा को लेकर काफी उत्सुक हैं। उन्होंने अभिनेत्री से पूछा कि क्या वह अपना खुद का सिंगल रिलीज करने की योजना बना रही हैं। दरअसल आलिया भट्ट हाल में ही करीना कपूर के शो व्हाट वूमेन वांट में नजर आई थी। इस दौरान बकिंघम मर्डर्स अभिनेत्री ने जिगरा अभिनेत्री से पूछा, ये क्या है? क्या आप गायन में अपना करियर बनाने नहीं जा रही हैं? मुझे नहीं पता कि आपकी आवाज इतनी अच्छी है या नहीं। मैं बस पूछ रही हूं। इस पर दोनों अभिनेत्रियां हंसती नजर आईं।

### अपना गाना बनाना चाहती थीं अभिनेत्री

आलिया ने करीना का जवाब देते हुए ये साफ कर दिया कि उनका गायिका बनने का कोई इरादा नहीं है। जिगरा अभिनेत्री ने कहा, नहीं, बिल्कुल नहीं। वेदांग गा सकता है और वह वास्तव में बजाता भी है, इसलिए वह एक एल्बम बना सकता है। मैं अपने बाथरूम में गा सकती हूं और फिर रिकॉर्डिंग स्टूडियो में कुछ लोगों की थोड़ी मदद से। इस पर करीना ने आगे पूछा, तो, आप कोई सिंगल नहीं बनाने जा रही हैं? इस पर जवाब देते हुए आलिया न कहा कि उनके पास एक बार इसे लेकर कुछ योजना थी, लेकिन वो बस वहीं खत्म हो गया।

### जेल ब्रेक पर आधारित है 'जिगरा'

बताते चलें कि आलिया भट्ट और वेदांग रैना अभिनीत फिल्म जिगरा रिलीज हो गई है। फिल्म भाई और बहन के भावनात्मक रिश्ते पर आधारित फिल्म है, जिसमें आलिया फिल्म में अपने भाई बने वेदांग को जेल से छुड़ाने की कोशिश करती नजर आती हैं। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वसन बाला के निर्देशन में बनी फिल्म का आलिया ने करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शन के साथ सह निर्माण किया है। फिल्म में आलिया के अभिनय को लेकर उनके फैंस सोशल मीडिया पर काफी तारीफ कर रहे हैं।



# साइबर ठगी से निपटने नियुक्त होंगे कंसल्टेंट

## 26 साइबर कंसल्टेंट्स की होगी भर्ती



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में साइबर ठगी के मामलों में तेजी से वृद्धि के बाद देश-दुनिया में ठगों के नेटवर्क तक पहुंचने और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस विभाग में पहली बार साइबर कंसल्टेंट्स (सलाहकारों) की भर्ती होने जा रही है। पहले चरण में 26 पदों पर नियुक्ति होगी। कंसल्टेंट कंप्यूटर साइंस, आइटी आदि में स्नातक या पीजी डिग्री वाले होंगे। इनकी नियुक्ति से साइबर ठगों को पकड़ना और ठगी की राशि को वसूलने के काम में तेजी आने की उम्मीद है।

साइबर ठगों ने इसी वर्ष जुलाई तक प्रदेश के लोगों के लगभग 300 करोड़ रुपये ठगों ने उड़ा लिए, इसमें भी लगभग 12 प्रतिशत राशि ही मिल पाएगी। कंसल्टेंट के अतिरिक्त प्रदेश में अगले वर्ष नौ साइबर कमांडो भी पदस्थ किए जाएंगे। इन्हें केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से छह माह का प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। डिजिटल अरेस्ट जैसी स्थिति में इनकी सेवाएं उपयोगी साबित होंगी। कंसल्टेंट के पदों पर इसी वर्ष भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने की तैयारी है। इन्हें बहुत ज्यादा विशेषज्ञता वाले काम सौंपे जाएंगे। जिस तरह से साइबर अपराध के नए-नए मामले सामने आ रहे हैं, उनसे निपटने के लिए भी उन्हें तैयार किया जाएगा।

### यह काम करेंगे कंसल्टेंट

- सरकारी या निजी कार्यालयों के साफ्टवेयर की हैकिंग को पकड़ने और सुधार का काम।
- जामताड़ा, मेवात, अहमदाबाद, हैदराबाद, चंडीगढ़, विशाखापत्तनम, गुवाहाटी आदि स्थानों से होने वाली ठगी की घटनाओं के तरीकों का पता करना और रोकथाम के उपाय सुझाना।
- साइबर अपराध की घटनाओं का विश्लेषण, जैसे-कहां से किस तरह के अपराध हो रहे हैं।
- साइबर अपराध संबंधी फोरेंसिक लैब में परीक्षण कार्य।
- पुलिसकर्मियों को मूलभूत बातों का प्रशिक्षण देना।
- साइबर अपराध से जुड़ी नीतियां बनाने में तकनीकी सहयोग देना।

## सिर पर हमले से बचने के लिए हाथ से किया बचाव

# रंजिश में युवक पर चाकू और तलवार से जानलेवा हमला, हाथ बुरी तरह से कटे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के बगल में आशीष टैंट हाउस के सामने दो बदमाशों ने एक युवक को घेरकर उस पर चाकू और तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। शनिवार दोपहर हुई इस वारदात में युवक को दोनों हाथ पैर और सिर में गंभीर चोट आई है। उसका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।



पुलिस के अनुसार भगवानदास शर्मा पिता गंगाराम शर्मा (27) एकता नगर, सूखीसेवनिया में रहता है और आशीष टैंट हाउस में काम करता है। भगवानदास शर्मा ने पुलिस को बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा के बगल में टैंट हाउस है। शनिवार दोपहर करीब सवा 12 बजे के आसपास वह टैंट का सामान रखने पहुंचा। इसी बीच राकेश पंथी और दीपक खटीक वह बड़ा सा चाकू और तलवार लेकर पहुंचे। दोनों ने पहुंचते ही भगवानदास से गालीगलौज शुरू कर दी। भगवानदास कुछ समझ पाता इससे पहले ही आरोपियों ने उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आरोपियों ने भगवानदास के सिर पर चाकू और तलवार से हमला किया था। भगवानदास ने तलवार और चाकू का हमला हाथ से रोका तो उसके दोनों हाथ बुरी तरह से कट गए। जबकि सिर में भी दो जगह गहरी चोट आई है। उसके पैरों में भी दो तीन गहरें घांव है।

### तमाशबीन बनाते रहे वीडियो

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भाग निकले थे। इधर भगवानदास को सड़क किनारे लहूलुहान स्थिति में देखकर भीड़ उसका वीडियो बनाती रही। करीब पंद्रह मिनट वह खून से लतपत सड़क पर पड़ा रहा और मदद की गुहार लगाता रहा, लेकिन किसी ने भी उसे अस्पताल पहुंचाना जरूरी नहीं समझा। इस बीच रिश्तेदारों ने उसे देखा और एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने भगवानदास के बयान दर्ज किए और आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि पुरानी रंजिश पर उसके पड़ोस में रहने वाले राकेश पंथी और दीपक खटीक ने उसे घेरकर जानलेवा हमला किया है। भगवानदास होश में है और बातचीत कर रहा है। चोट गंभीर होने से रिकवरी में समय लगेगा।

### नव विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित वर्धमान ग्रीन पार्क में शनिवार देर रात एक नव विवाहिता ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पूर्व उसकी पति से खाना बनाने की बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद उसने खुद को कमरे में बंद कर फांसी लगा ली। किसी तरह दररवाजा तोड़कर पति उसे अस्पताल ले गया, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। आज पुलिस परिजन की मौजूदगी में उसका पीएम कराएगी। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग जांच एसीपी द्वारा की जाएगी। पुलिस के अनुसार 23 साल की खुशबू मकोडे मूलत: बैतूल की रहने वाली थी। उसकी शादी डेढ साल पूर्व भानूप्रताप से हुई थी। शादी के बाद दंपती यहां वर्धमानग्रीन पार्क में किराए के मकान में रह रहे थे।

# झुग्गी में सो रहे युवक को सांप ने काटा, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित गेहूंखेड़ा में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात झुग्गी में सो रहे युवक को सांप ने काट लिया। परिजन उसे लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे, वहां इलाज के दौरान शनिवार शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार प्रेम कुमार पिता संतोष कुमार (44) गेहूंखेड़ा कोलार में रहते थे और प्राइवेट काम करते थे। शुक्रवार रात वह खाना खाने के बाद परिवार के साथ झुग्गी में सो रहे थे। रात करीब ढाई बजे के आसपास उन्हें सांप ने काट लिया। उनकी चीख सुनकर परिजन ने लाइट शुरू की तो पास ही एक सांप नजर आया। परिजन तत्काल प्रेम को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां से हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार शाम प्रेम की मौत हो गई।



# बाइक आपस में टकराई, एक की मौत, दो घायल

## झागरिया पहाड़ी पर शुक्रवार देर रात हुआ हादसा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित झागरिया पहाड़ी पर गुरुवार रात दो बाइक आपस में टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए है, जबकि बाइक पर बैठी युवती को गंभीर चोट होने के कारण उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कामय कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि घायल अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस के अनुसार अभिषेक मांझी पिता हरिशंकर मांझी (24) बारना गांव, जिला रायसेन के रहने वाले थे। वे फैक्ट्री में काम करते थे। गत गुरुवार रात अभिषेक अपनी रिश्तेदार के साथ बाइक से रायसेन स्थित अपने गांव जाने के लिए निकले थे।



दोनों बाइक से झागरिया पहाड़ी के पास पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक को स्पोर्ट्स बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्पोर्ट्स बाइक सवार अयान निवासी रायसेन को भी गंभीर चोट आई है, जबकि अभिषेक और उसके साथ बैठी युवती को भी गंभीर चोट थी। तीनों को एंबुलेंस साईं अस्पताल लेकर पहुंची थी। वहां शुक्रवार दोपहर अभिषेक की मौत हो गई। युवती को अभी होश नहीं आया है। अयान का जबड़ा टूटने के कारण उसे भानपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अयान भी फैक्ट्री में काम करता है।

### टू लेन होने के बाद हुआ हादसा

हादसा जिस जगह हुआ वहां टू लेन हैं, लेकिन घटनास्थल पर लोगों ने बीच का डिवाइडर काट लिया है और यहां पर टर्निंग पाइंट बना लिया है। यहां से होकर लोग झागरिया होते हुए कटारा हिल्स तरफ निकल जाते हैं। इसी कट पाइंट के पास हादसा हुआ है। पुलिस का कहना है कि घायलों के बयान होने के बाद ही हादसे की सही वजह सामने आ सकेगी।

## रावण दहन के दौरान युवक ने पुलिस से की झूमाझटकी

**भोपाल।** बिट्टन मार्केट में रावण दहन कार्यक्रम के दौरान उस वक्त हंगामा हो गया जब एक युवक की पुलिस से झड़प हो गई। मौजूद लोगों से युवक ने अभद्रता की थी, इसकी शिकायत जब लोगों ने पुलिस से की तो युवक ने पुलिसकर्मियों से भी झूमझटकी कर दी। रात करीब आठ बजे हुई इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। हबीबगंज थाना पुलिस के अनुसार युवक कार्यक्रम में लोगों को परेशान कर रहा था। पुलिसकर्मियों ने उसे कार्यक्रम से बाहर निकालने का प्रयास किया तो वह अभद्रता करने लगा और फिर झूमाझटकी भी की। युवक के स्वजनों का कहना है कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है और उसका उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया है।

## छोला मंदिर ब्रिज के पास मिली युवक की लाश

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित ब्लूमन कॉलोनी ब्रिज के पास शनिवार शाम एक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम करीब पांच बजे पुलिस को सूचना मिली कि ब्लूमन कॉलोनी छोला में ब्रिज के पास किसी युवक का शव पडा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। कुछ लोगों से पुलिस ने मृतक के बारे में पूछताछ की तो पता चला कि मृतक मुकेश नाथ पिता कमल नाथ (32) चांदबाड़ी छोला में रहता था और भीख मांगकर अपना गुजर बशर करता था। मुकेश एक पैर से दिव्यांग था और शराब पीने का आदी भी था। परिजन से संपर्क करने के बाद पुलिस ने शव मर्चूरी में रखवा दिया है। रविवार को उसका पीएम कराया जाएगा।

# रावण दहन देखने पहुंचे युवक को आया हार्ट अटैक, एसीपी ने सीपीआर देकर बचाई जान



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर में रावण दहन के अवसर पर शनिवार रात विजय भूमि छोला मैदान लोगों से खचाखच भरा हुआ था। वहां मौजूद एक युवक को अचानक पसीना आने लगा और वह बेसुध होकर गिर पड़ा। उसके पास ही मौजूद एसीपी (अजाक) अजय तिवारी को माजरा भांपते देर नहीं लगी। उन्होंने समतल जमीन पर युवक को लिटाकर सीपीआर देना शुरू कर दिया। मेहनत रंग लाई और 10 मिनट में युवक की चेतना वापस आ गई। उसके बाद उसे उपचार के लिए पास के निजी अस्पताल पहुंचा दिया गया। एसीपी तिवारी ने बताया कि लगभग 35-40 वर्ष का युवक उनसे कुछ दूरी पर खड़ा था। उन्होंने देखा कि पसीन छलकने के साथ युवक के हाव-भाव बदलने लगे।

### 10 मिनट बाद युवक ने खोली आंखें

अचानक युवक लड़खड़ाकर वह गिर पड़ा। ट्रेनिंग लेने के कारण वह समझ गए कि युवक को हार्ट अटैक हुआ है। उन्होंने उसे कॉर्डियो प्लमोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) देना शुरू किया। लगभग 10 मिनट के प्रयास से युवक की हालत में सुधार होने लगा। उसने आंखें खोल ली। युवक के साथ उसके स्वजन भी थे। युवक के मौत के मुंह से वापस आने के कारण कृतज्ञता जताने के लिए उन्हें शब्द ही नहीं सूझ रहे थे।

## शादी का झांसा देकर ब्यूटीशियन से किया दुष्कर्म, प्रकरण दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपित युवक पीड़िता के साथ एक ब्यूटी पार्लर में काम करता था। वहीं उनके बीच दोस्ती हुई थी। वह शादी का झांसा देकर दो साल से युवती का शारीरिक शोषण कर रहा था। हाल ही में युवती को पता चला कि वह किसी और से शादी कर रहा है। इस पर जब युवती ने उस पर शादी के लिए दबाव डाला तो वह साफ मुकर गया। इसके बाद युवती ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दुष्कर्म की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपित युवक की तलाश शुरू कर दी है। जहांगीराबाद थाना पुलिस ने बताया कि 21 वर्षीय युवती कोलार इलाके में रहती है।








**मेट्रो एंकर**

## स्पीकर का केबल सुधारते समय हुआ हादसा

# पंडाल के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन से झुलसे 4 लोग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित रतन कॉलोनी करोंद में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात लाउड स्पीकार सुधारते समय हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से दुर्गा उत्सव समिति के दो सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए, जबकि दो अन्य मामूली रूप से घायल हुए हैं। हादसे के समय पंडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। लाउड स्पीकर सुधारने के लिए समिति का एक सदस्य पोल पर चढ़कर केबल ठीक कर रहा था। एक युवक उसकी मदद के लिए वहीं खड़ा था।

उसी दौरान दोनों पंडाल के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गए। मौके पर मौजूद दो अन्य युवक भी मामूली रूप से झुलसे हैं। सभी घायलों को नजदीक के निजी अस्पताल ले जाया गया था। इलाज के दौरान दो को छुट्टी दे दी गई जबकि गंभीर रूप से झुलसे दो युवकों का इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार रतन कॉलोनी करोंद स्थित दुर्गा झांकी के पंडाल में नवमी के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम चल रहे थे। उसी दौरान देर रात लकड़ी के खंभे पर लगे लाउड स्पीकर में खराबी आ गई। दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य माखन साहू (35) और विपिन जाटव (18) स्पीकर दुरुस्त करने में लग गए। दिनेश (21) और रोहन जाटव (21) भी मौके पर पहुंच गए थे। माखन साहू ऊपर चड़कर लाउड स्पीकर का वायर सुधार रहे थे। उसी दौरान वायरिंग डालते समय वह ऊपर से गुजर रही 11केवीए लाइन से जोरदार झटका लगा। हाइटेंशन लाइन का करंट लगने से माखन साहू व विपिन जाटव गंभीर रूप से झुलस गए। उनके हाथ, पैर व मुंह समेत शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई हैं। पुलिस ने बताया कि हादसे में दिनेश व रोहन भी मामूली रूप से झुलसे थे। उन्हें आंखों में जलन की शिकायत हुई थी। चारों को नजदीक के साई अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से दिनेश व रोहन को कुछ देर बाद छुट्टी दे दी गई थी। माखन साहू की हालात नाजुक बनी हुई है।



### पहले भी हो चुके हैं यहां हादसे

रतन कॉलोनी और आसपास के इलाकों में हाइटेंशन लाइन घरों के ऊपर से गुजरी है। यहां पहले भी हादसे हो चुके हैं। बावजूद इसके बिजली विभाग के लोगों ने यहां से हाईटेंशन लाइन शिफ्ट नहीं कराई। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग से इसको लेकर शिकायत की जा चुकी है लेकिन कई बार शिकायत करने पर भी हाइटेंशन हटाई नहीं गई। हादसे के फौरन बाद फायर ब्रिगेड और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई थी। सबसे इसके इलाके की बिजली सप्लाई बंद कर दी गई ताकि कोई अन्य व्यक्ति करंट की चपेट में न आ सके।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022